इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26




वर्ष- 43 अंक -290 राजनांदगांव, रविवार 08 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# शिक्षक की भूमिका है भविष्य के लिए समर्थवान नागरिक तैयार करना - पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के शिक्षक वर्ग का आह्वान किया है कि वे अपने विद्यार्थियों को शिक्षण-प्रशिक्षण, संस्कार-सुधार करके उनको इस तरह समर्थवान बनाएं ताकि वह आने वाले समय में विकसित भारत को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने में समर्थवान हों।



श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य सबकी जिम्मेदारी है जिसमें शिक्षकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्कूलों की तुलना शिक्षक की प्रयोगशाला और बच्चों की तुलना कच्चे माल से की। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षण पुरास्कार से सम्मानित देश भर के शिक्षकों से शनिवार को संवाद कर रहे थे। यह कार्यक्रम विडियो कांफ्रेंसिंग और साक्षात, मिले जुले तरीके से आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा, जिसको (जिन विद्यार्थियों को) आज आप तैयार कर रहे हैं, वो उस विकसित भारत को नई ऊंचाईयों पर ले जाने वाला एक सामर्थ्यवान व्यक्तित्व बनने वाला है। यानि आपके पास कितनी बड़ी जिम्मेदारी है, ये विकसित भारत, ये कोई सिर्फ मोदी का कार्यक्रम नहीं है। श्री मोदी ने कक्षाओं की तुलना मानव संसाधन विकास की प्रयोग शाला और विद्यार्थीयों की तुलना कच्चे माल की और कहा, ''आप वो लोग हैं आपके मन में जो सपना आए, उस सपने को साकार करने के लिए वो लैबोरेटरी (प्रयोगशाला) आपके सामने ही है, कच्चा माल आपके सामने ही है, वो बच्चे आपके सामने ही हैं। आप अपने सपनों को लेकर के उस प्रयोगशाला में प्रयास करेंगे, आप जो चाहें वो परिणाम लेकर के आएंगे।÷

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोग अपने बच्चों को बड़े विश्वास के साथ स्कूल को सुपुर्द करते हैं। वे न केवल अपने बच्चे का परीक्षा परिणाम अच्छा देखना चाहते हैं बल्कि मां-बाप को लगता है कि शिक्षक उन्हें बच्चों का उससे भी कुछ अच्छा विकास करेंगे, उसके संस्कार और उसकी आदतों में सुधार लाएंगे। श्री मोदी ने कहा, बच्चों की जिंदगी में शिक्षा में प्लस वन (कुछ अतिरिक्त) कौन करेगा? टीचर करेगा। संस्कार में प्लस वन कौन करेगा? टीचर करेगा। उन्होंने कहा, ..और इसलिए प्लस वन का सिद्धांत वाली हमारी कोशिश होनी चाहिए। उसके घर से जो मिला है मैं उसमें कुछ ज्यादा अतिरिक्त जोड़ दूंगा। मेरा उसकी जिंदगी में बदलाव लाने का कोई न कोई योगदान होगा।

प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को पर्यटन पर ले जाने और उन्हेंने देश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासतों और विविधताओं से परिचय कराने के कार्यक्रमों के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने बोकारो (झारखंड) की संस्कृत की अध्यपिका आशा रानी से बातचीत में बच्चों को वैदिक गणित से परिचय कराए जाने के विषय में चर्चा की। कोल्हापुर के एक कला शिक्षक ने समालविया में अपने स्कूल और आस पास के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा, 5 की मौत

# घर में घुसकर बुजुर्ग की हत्या, फिर कुकी-मैतेई के बीच फायरिंग में 4 की जान गई

इंफाल। मणिपुर में फिर हिंसा भड़क गई है। जिरिबाम में शनिवार को अलग-अलग दो घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, पहली घटना जिला हेडक्वार्टर से करीब सात किलोमीटर दूर हुई। संदिग्ध पहाड़ी उग्रवादियों ने एक घर में घुसकर बुजुर्ग को सोते समय गोली मार दी। मृतक की पहचान कुलेंद्र सिंघा के रूप में हुई। वह घर में अकेले रहते थे।



दूसरी घटना इसके बाद हुई। इसमें कुकी और मैतेई समुदायों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई। इलाके में सुबह से लगातार गोलीबारी की खबरें आ रही हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। इंफाल में मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला, भीड़ ने हथियार लूटने की कोशिश की दूसरी तरफ, इंफाल वेस्ट और इंफाल ईस्ट में शुक्रवार (6 सितंबर) देर रात भीड़ ने मणिपुर राइफल्स हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। गुस्साई भीड़ सुरक्षाबलों से हथियार लूटना चाहती थी। पुलिस ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने पैलेट गन से कई राउंड फायरिंग की। मॉक बम और आंसू गैस के गोले भी दागे। सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच रातभर संघर्ष चला। 5 लोगों के घायल होने की खबर है। उन्हें छ्हद्धस्र्र अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक हथियार या गोला-बारूद लूटे जाने की कोई पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि दोनों जगहों पर हिंसा में मृतकों और घायलों की संख्या बढ़ सकती है।

### ताजा हिंसा के बाद राज्य में सभी स्कूल-कॉलेज बंद

राज्य में तनाव को देखते हुए सभी स्कूलों-कॉलेजों को बंद कर दिया गया है। कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी ने कानून-व्यवस्था लागू करने में सरकार की विफलता के विरोध में काम बंद करने और जनता कर्फ्यू का आह्वान किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भारत जोड़ो यात्रा ने हमें हिम्मत दी, हमारा हौसला बुलन्द किया - कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर के श्रीनगर तक के लिए दो साल पहले आज ही के दिन शुरु हुई भारत छोड़ो यात्रा को पार्टी के इतिहास में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक लम्हा करार देते हुए कहा है कि इससे पार्टी की हिम्मत बंधी और उसके हौसले बुलंद हुए हैं।



कांग्रेस ने कहा ऐतिहासिक लम्हा था जिसने हमें यकीन दिलाया कि सब ठीक हो जाएगा, जिसने हमें हिम्मत दी, हमारा हौसला बना और कहा- डरो मत। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक जन-आंदोलन है, जो समाज को एकजुट करने का पर्याय बन गया है। श्री राहुल गांधी जी व हमारे भारत जोड़ो यात्रियों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल जो दूरी तय की, उससे करोड़ों लोगों के दिलों में प्रेमभाव, आपसी सौहार्द और बंधुत्व की अभूतपूर्व जनचेतना जागृत हुई। भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर मैं देशवासियों से केवल इतनी ही अपील करता हूं कि संविधान और लोकतंत्र को संजोए रखने का संघर्ष जारी रखें।

उन्होंने कहा, आर्थिक असमानताओं, महंगाई, बेरोज़गारी, सामाजिक अन्याय, संविधान के विध्वंस, सत्ता के केंद्रीकरण के वास्तविक मुद्दों पर हमारा संघर्ष जारी है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के हमारे संवैधानिक मूल्यों को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# जम्मू-कश्मीर में एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री वाला पहला चुनाव - शाह

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर तंज कसते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव पहला चुनाव होगा जिसमें केवल एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री होगा।



चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के लिए जम्मू की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण में कार्यकर्ताओं की रैली को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा, ÷राहुल बाबा और उमर अब्दुल्ला मेरे 05 अगस्त, 2019 के भाषण से अनजान हैं, जिसमें मैंने स्पष्ट किया था कि चुनाव के बाद उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल किया जायेगा। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा वे (राहुल गांधी, उमर अब्दुल्ला) राज्य का दर्जा कैसे वापस ला सकते हैं। क्या वे स्पष्ट कर सकते हैं? यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार है जो जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दे सकती है।

उन्होंने आगे कहा, अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद, यह जम्मू-कश्मीर में पहला चुनाव होगा जब केवल एक झंडा, एक संविधान और एक प्रधानमंत्री होगा। कन्याकुमारी से कश्मीर तक, केवल एक ही प्रधानमंत्री है और वह नरेन्द्र मोदी हैं।÷ उन्होंने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में पाकिस्तान के साथ बातचीत की वकालत की है, लेकिन जब तक जम्मू-कश्मीर में स्थायी रूप से शांति बहाल नहीं हो जाती, तब तक पाकिस्तान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी परिवार के साथ-साथ चार अन्य परिवारों के खिलाफ वोट करने को कहा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# भारत ने रिहा किए 14 पाकिस्तानी कैदी, वाघा बॉर्डर से भेजे वापस



नई दिल्ली। भारत सरकार ने हाल ही में पाकिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया है। पंजाब समेत देश की अन्य जेलों में बंद पाकिस्तान के 14 कैदी बंद थे और अपनी स?ा काट रहे थे। इन 14 कैदियों की सजा पूरी हो गई थी और सजा पूरी होने के बाद इन पाकिस्तानी कैदियों को रिहाई दे दी गई। इन कैदियों को शुक्रवार को रिहा कर दिया गया।

### वाघा बॉर्डर से भेजा वापस

भारत सरकार ने इन पाकिस्तानी कैदियों को वाघा बॉर्डर पर पाकिस्तान भेजने के लिए बॉर्डर रेंजर्स के हवाले कर दिया है। पहले बीएसएफ के अधिकारियों ने रिहा हुए इन कैदियों की जांच की और फिर बॉर्डर रेंजर्स से अपने देश के इन नागरिकों की शिनाख्त की और उन्हें उनके घरों के लिए रवाना कर दिया। कैदियों के परिवार वाले थे मौजूद भारत सरकार के फैसले के बाद विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने कड़ी सुरक्षा के बीच सभी कैदियों को वाघा बार्डर पर भेजा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कांग्रेस के साथ गठबंधन की बातचीत के बीच आप ने दी चेतावनी, कहा- सभी 90 सीटों....

चंडीगढ़। हरियाणा में विधानसभा चुनावों को लेकर सभी पार्टियां अपनी रणनीति बनाने में व्यस्त है। हरियाणा में 90 सीटों पर एक ही चरण में 5 अक्टूबर को मतदान होगा और 8 अक्टूबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर चर्चाएं चल रही है। इसी बीच शनिवार को आम आदमी पार्टी ने चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग पार्टी को कम आंकते है, उन्हें इसका पछतावा होगा।



### सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार

आप के राष्ट्रीय सचिव ने संदीप पाठक कहा कि चुनाव के लिए पार्टी सभी 90 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा के लिए महज सिर्फ आलाकमान के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। हम हर जगह, हर सीट पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ने को तैयार हैं। जो भी हमें कम समझेगा उसे बाद में पछतावा होगा।

### शीट शेयरिंग को लेकर फंसा पेच

बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की बातचीत सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध में आ गई है। बताया जा रहा है कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस से 10 सीटें मांग रही है जबकि कांग्रेस 5 से 7 सीटें देने के लिए तैयार है।

### कांग्रेस की जारी है 'आप' से बातचीत

हरियाणा में आप से गठबंधन को लेकर कांग्रेस नेता दीपक बाबरिया ने कहा कि कांग्रेस अगर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करती है तो आप को शीट शेयरिंग में डबल डिजट में नहीं बल्कि सिंगल में ही समेटा जाएगा।

# तूफान का कहर : चीन में यागी तूफान ने मचाई तबाही, स्कूल-कॉलेज बंद, 10 लाख लोगों का किया रेस्क्यू



चाईना। चीन में इन दिनों 'यागी' तूफान ने तबाही मचा रखी है। तूफानी खतरे को देखते चीन के कई इलाकों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिको ने चीन के दो प्रांतों के लिए खास अलर्ट जारी किया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, तूफान प्रभावित क्षेत्रों से 10 लाख से अधिक लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचा गया है। तूफान की भयावहता को देखते हुए सभी स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया गया है। दक्षिण चीन के हैनान प्रांत के किनारे पर भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ आए तूफान के कारण दो (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पूजा खेडकर पर केंद्र सरकार का फाइनल एक्शन! भारतीय प्रशासनिक सेवा से की गई बर्खास्त

नई दिल्ली। बर्खास्त ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर पर भारत सरकार ने फाइनल एक्शन ले लिया है। केंद्र सरकार ने उनको तत्काल प्रभाव से भारतीय प्रशासनिक सेवा से बर्खास्त कर दिया है। पूजा खेडकर पर आरोप था कि उन्होंने ओबीसी और दिव्यांगता कोटे का दुरुपयोग कर यूपीएससी की परीक्षा में लाभ उठाया था। उनके खिलाफ संघ लोक सेवा आयोग ने 31 जुलाई को कड़ा एक्शन लिया था। उनकी उम्मीदवारी को ही रद्द कर दिया गया था। उसके साथ ही यह तय किया था कि वह भविष्य में कोई परीक्षा भी नहीं दे पाएं। आपको बता दें कि 2020-21 में पूजा दिलीपराव खेडकर के नाम से उन्होंने ओबीसी कोटे का इस्तेमाल किया। इस अटेम्प्ट में वह सफल नहीं हो पाई। उन्होंने एक बार फिर 2021-22 में परीक्षा दी, लेकिन इस बार ओबीसी के साथ-साथ दिव्यांग कोटे का भी इस्तेमाल किया। इस बार उन्होंने पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर नाम का इस्तेमाल कर परीक्षा दी। इस बार वह सफल हुईं। उनकी ऑल इंडिया 821वीं रैंक आई थी।



### पहचान बदलकर पाई सफलता

पूजा खेडकर ने अपना नाम, माता-पिता का नाम, अपनी तस्वीर, हस्ताक्षर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर अपनी पहचान छिपाई। उन पर आरोप लगा कि इस हेराफेरी के दम पर उन्होंने परीक्षा में सफलता पाई। उनको सीएसई 2022 नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुए कार्रवाई की गई। विवाद के दौरान उनका ट्रांसफर वाशिम जिले में हुआ था। उनको वहां का असिस्टेंट कलेक्टर बनाया गया था। इस दौरान पुणे के कलेक्टर डॉ. सुहास दिवसे ने उनके आचरण के खिलाफ मुख्य सचिव को लेटर लिखा था। इसमें उन्होंने फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए यूपीएससी में चयन का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारी और दृष्टिबाधित श्रेणी से उनको रियायत मिली थी। इसी के दम पर वह आईएएस बन पाईं।

# बिना एस्ट्रोनॉट्स धरती पर लौटा बोइंग स्टारलाइनर

मैक्सिको। बोइंग का स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट धरती पर लैंड हो गया है। यह स्पेसक्राफ्ट एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुश विल्मोर को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) ले गया था। हालांकि, वापसी में यह दोनों एस्ट्रोनॉट इस स्पेसक्राफ्ट में मौजूद नहीं थे। तकनीकी खराबी की वजह से इस स्पेसक्राफ्ट को बगैर एस्ट्रोनॉट्स के ही लैंडिंग करनी पड़ी। स्पसेक्राफ्ट शनिवार, 7 सितंबर को न्यू मैक्सिको के व्हाइट सैंड्स स्पेस हार्बर में भारतीय समय अनुसार सुबह 9:30 बजे सुरक्षित लैंड हुआ। इसकी लैंडिंग पैराशूट्स और एयरबैग्स की मदद से की गई।



**25 फरवरी तक स्पेस में ही रहेंगी सुनीता विलियम्स**

### स्टारलाइनर की सुरक्षित लैंडिंग

भले ही स्टारलाइनर दोनों एस्ट्रोनॉट्स को साथ नहीं लाया लेकिन यह अंतरिक्ष में अपने मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करके धरती पर लौटा। स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग को नासा ने लाइव दिखाया। स्टारलाइनर ने धरती के वातावरण में 27,400 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से एंट्री ली। लैंडिंग से 45 मिनट पहले स्टारलाइनर के पैराशूट्स खुल गए और इसकी रफ्तार धीमी होने लगी। इसके बाद एयरबैग्स की मदद से इसने सॉफ्ट लैंडिंग की। स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट की यह सफल लैंडिंग बोइंग और नासा के लिए बेहद अहम मानी जा रही है।

### बिना अंतरिक्षयात्रियों के लौटा यान

स्टारलाइनर यान में अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स और बैरी ई. विलमोर को लौटना था, लेकिन तकनीकी खराबियों की वजह से दोनों एस्ट्रोनॉट्स ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर ही रुकने का फैसला किया। नासा ने एस्ट्रोनॉट की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टारलाइनर को वापस बुला लिया। हालांकि, स्टारलाइनर अपने साथ स्पेस स्टेशन से कई भारी कार्गो लेकर पहुंचा है। अब सुनिता विलियम्स को स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए वापस लाया जाएगा। नासा ने कहा कि है दोनों फरवरी 2025 तक दोनों अंतरिक्ष (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कुबूलनामा : करगिल युद्ध में हमारे सैनिक मारे गए, पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने युद्ध में 'सेना की भूमिका' को कुबूला

रावलपिंडी। पाकिस्तानी आर्मी के चीफ ने बातों बातों में एक बड़ी बात कुबूल ली है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत से चाहे वह 1948, 1965, 1971 या 1999 का कारगिल युद्ध हो सभी में हजारों पाकिस्तानी सैनिकों अपनी शहादत देनी पड़ी। आपको हम पाक सेना प्रमुख के इस बयान को बताने में इसलिए बल लगा रहे हैं कि पाकिस्तानी सेना ने कभी भी सार्वजनिक रूप से इस बात को कुबूल नहीं किया था कि करगिल युद्ध में सेना का हाथ था। पाकिस्तान ने हमेशा कहा था कि इसमें 'मुजाहिदीन' का हाथ था।



### सेना प्रमुख ने पहली बार कुबूली बात

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने पहली बार सार्वजनिक रूप से 1999 के करगिल युद्ध में अपनी भूमिका को स्वीकार किया है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल ने देश में डिफेंस डे के मौके पर रावलपिंडी में आयोजित एक कार्यक्रम में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा कि 1965, 1971 और 1999 में करगिल में युद्ध लड़ते हुए हमारे कई सैनिकों ने अपनी जान गंवाई थी।

सेना प्रमुख ने कहा, 1948, 1965, 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध तक में हजारों सैनिकों ने पाकिस्तान और इस्लाम के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है।

### करगिल में पाकिस्तान को मिली करारी हार

साल 1999 के युद्ध में पाकिस्तान को भारत से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय सैनिकों ने लद्दाख में करीब तीन महीने की लंबी लड़ाई के बाद टाइगर हिल सहित कारगिल सेक्टर में एलओसी के भारतीय हिस्से पर घुसपैठियों द्वारा कब्जा किए गए स्थानों को सफलतापूर्वक दोबारा अपने कब्जे में ले लिया था। इसमें 545 सैनिक हुए शहीद हुए थे। उस समय के तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को करगिल सेक्टर से अपनी सेना के जवानों को वापस बुलाने के लिए कहा था। युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में 'कारगिल विजय दिवस' मनाया जाता है।

# शहर सहित गांवों में भी दो-दो, तीन-तीन घंटे बिजली गुल, लोग परेशान

## उमस व चिपचिपी गर्मी में पसीने से तर-बतर हो रहें लोग, नंदई व वर्धमान नगर में घंटों बाधित रहा विद्युत प्रवाह, लोग हो रहे परेशान

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों न तो हवा-तूफान आ रहा, और न गरज चमक कर बारिश हो रही है। इसके बाद भी शहर के कई इलाकों में दो-दो, तीन-तीन घंटे बिजली गुल की समस्या बनी हुई है। गुरूवार की रात नंदई इलाके में लगभग रात भर बिजली गुल रही इससे लोग उमस व चिपचिपी गर्मी से परेशान होते रहे। इसी तरह की स्थिति दिन में भी होती रही।

शहर के नंदई निवासी भाजपा नेता कोमल सिंह राजपूत के यहां बरसी कार्यक्रम था। घर-परिवार सहित सैकड़ो जान-पहचान के लोग आए हुए थे। लेकिन इस कार्यक्रम के दौरान सुबह से ही बिजली गुल होने के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों को ज्यादा परेशानी होते देख विद्युत विभाग के बड़े अधिकारी आलोक दुबे को काल किया गया तब कहीं ले देकर विद्युत प्रवाह सुचारू हो पाया।



वर्धमान नगर में बिजली गुल शनिवार दोपहर शहर के इण्डस्ट्रियल ऐरिया वर्धमान नगर में घंटों बिजली गुल रही। वर्धमान नगर के प्रतिष्ठित नागरिक व कवि/ व्यंग्यकार गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय' ने बताया कि शनिवार की सुबह ही 7.30 बजे के करीब आधे घंटे के लिए लाइट गुल रही। उसके बाद दोपहर एक बजे लाइट गुल हुई तो वह सीधे तीन, साढ़े तीन बजे आई। बता दे कि इस समय श्री ठक्कर अस्वस्थ चल रहे है। उनको देखने के लिए कुछ कवि/ साहित्यकार उनके निवास स्थान गए हुए थे। एक तो वैसे ही उसकी तबीयत खराब थी लेकिन बिजली गुल होने की वजह से वह पसीने से तर-बतर हो रहा था।

मजबूरी में उसे बाहर लाकर बिठाया गया और तब कही जाकर कवि/ साहित्यकार उनकी स्वास्थ्य सम्बंधी परेशानी से अवगत हुए। बिजली गुल होने से बेचैन लोगों ने बिजली विभाग में दरयाफ्त की तो पता चला कि वर्धमान नगर के किसी क्षेत्र में बिजली के तार से झाड़ की टहनी टकरा रही है। इससे स्पार्क हो रहा है। उक्त टहनी को काटने के लिए ही बिजली विभाग वाले तीन-तीन घंटे लगाए दिए। जब तक वार्ड के लोग बिना पंखा, एसी, कुलर के पसीने से तर-बतर होते रहे। वार्ड के लोगों ने बताया कि यह सिर्फ एक दिन की बात नहीं। रोजाना अप-डाउन की समस्या बनी रहती है। शिकायत की जाने पर न कोई ध्यान देने वाला होता है और न फोन उठाने की जहमत उठाई जाती है।

**गृह मंत्री के चेतावनी का भी कोई विभाग पर कोई असर नहीं...**

### आन्दोलन के मुड़ में ग्रामवासी

आए दिन घंटों बिजली गुल की समस्या सिर्फ शहर में नहीं अपितु गांव-देहातों में भी देखी जा रही है। इससे लोगों में विद्युत वितरण केन्द्र के खिलाफ गुस्सा बढ़ते जा रहा है। जिले के विद्युत वितरण केन्द्र अर्जुनी के अंतर्गत ग्रामों में पिछले कुछ माह से बिजली की आंख मिचौली बादस्तुर जारी है। ग्राम बुद्धु भरदा व ग्राम रातापायली के लोगों ने बताया कि अक्सर शाम ढलने के बाद रात में काफी देर तक बिजली गुल रहती है। इसके कारण बिना बिजली, पंखा, कुलर के लोग चैन से सो नहीं पाते।

लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाती। निकटस्थ ग्राम बनभेड़ी के लोगों ने बताया कि बिजली आफिस वालों को जरा सी आंधी-पानी का बहाना चाहिए होता है। फिर लम्बे समय के लिए लाइन गुल कर देते है। बताया गया कि 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के दिन रात 12 बजे बादल गरजने के साथ बिजली गुल हुई तो 6 सितम्बर की शाम पांच बजे तक बिजली नहीं आई। बताते चलें कि इन दिनों खेतों में पानी का जमाव नहीं होने के कारण किसानों को बोर, मोटर आदि चलाने बिजली का आवश्यकता हो रही है लेकिन प्रायः विद्युत अवरोध बनी रहने से किसान अपने खेतों में पानी की सिंचाई नहीं कर पा रहे है। इससे उन्हें अपनी फसल खराब होने की चिंता खाए जा रही है।

बताया जाता है कि बिजली विभाग की इस तरह की विद्युत कटौती को लेकर ग्रामवासियों ने जिले के प्रभारी मंत्री एवं डिप्टी सीएम विजय शर्मा को ज्ञापन भी सौपा है। इसके बाद भी बिजली विभाग वालों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। श्री शर्मा ने उक्त शिकायत पर विभाग की महिला अधिकारी को फटकार भी लगाई थी। इसके बाद भी हालत जस की तस बनी हुई है। लोग उमस व चिपचिपी गर्मी से हलाकान ,परेशान हो रहे है।

> वर्धमान नगर इलाके में विद्युत तार से झाड़ की टहनी टकरा रही थी, उसे काटने विद्युत प्रवाह बंद किया गया था। तीन घंटे बंद किया जाना व बहुत समय होता है। मै तत्काल इसे देखता हूं।
>
> **- आलोक दुबे, डीई विद्युत विभाग राजनांदगांव**

## पहला कॉलम...

### गांव में शांति भंग करने एवं उत्पात मचाने वालों के खिलाफ हुई कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। सुकुल दैहान चौकी पुलिस ने अपने गांव क्षेत्र में उत्पात मचाने वाले व गांव की शांत भंग करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की है। बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी सुकुलदैहान राकेश कुमार मन्नाडे के नेतृत्व मे पुलिस चौकी सुकुलदैहान क्षेत्रांतर्गत गांव में लोगो को डराने धमकाने, उत्पात मचाने एवं गांव में शांति भंग करने वालो के विरुद्ध पृथक पृथक धारा 170,126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर इस्तगासा एस.डी.एम. न्यायालय पेश किया गया जहाँ से जेल वारंट प्राप्त होने पर उक्त दोनों अनावेदकों को जेल दाखिल कराया गया। इनके नाम राकेश कुमार मंडावी पिता राजेन्द्र मंडावी उम्र 22 साल व युवराज वर्मा पिता विशाल वर्मा उम्र 40 साल दोनों निवासी ग्राम बखत रेंगाकठेरा पुलिस चौकी सुकुलदैहान है।

### भाजपा सरकार में अफसर शाही हावी- भूपेश तिवारी



राजनांदगांव (दावा)। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेश तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा छात्राओं को जेल भेजने की धमकी दिए जाने वाले मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जिला शिक्षा अधिकारी की सेवा समाप्त कर देनी चाहिए।

श्री तिवारी ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा के शासन में जिले सहित समूचे प्रदेश में अफसर शाही इस कदर अभी है। कि कहीं अधिकारियों की कार्यशैली से विद्यार्थियों को रोना पड़ रहा है तो कहीं गरीब किसान मजदूर को रोना पड़ रहा है। बच्चों के अनुसार डीईओ ने उन्हें साफ कह दिया कि तुम लोगों को यहां तक किसने बुलाया। क्या तुम्हें पता है स्कूल छोड़कर यहां तक आने का अंजाम तुम सबको जेल में डलवा दूंगा। जिला शिक्षा अधिकारी के इस तरह के वक्तव्य को लेकर बच्चों के साथ अमानवीयता के रूप में देखा जा रहा है।

# भापे दी ढाबा, शेरे पंजाब ढाबा, देवांगन ढाबा में पुलिस की दबिश

- अवैध रूप से धन अर्जन के उद्देश्य से शराब पिलाने के लिए बनाया गया था ठौर
- आदतन बदमाश भी चढ़े पुलिस के हत्थे

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाने क्षेत्र के ढाबो में अवैध रूप से लोगों को शराब पीने के लिए जगह उपलब्ध कराने पर संचालको के खिलाफ कार्रवाई की है। बताया जाता है कि लालबाग थाना क्षेत्र में अंतर्गत आने वाले भापे दी ढाबा, शेरे पंजाब ढाबा, देवांगन ढाबा आदि ढाबों भी धड़ाधड़ छापामार कर उक्त कार्रवाई की है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी लालबाग नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में थाना लालबाग क्षेत्रांतर्गत अवैध जुआ, सट्टा, शराब एवं चाकूबाज के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश पर थाना लालबाग पुलिस द्वारा अभियान चलाकर ढाबा में शराब पीने के लिए जगह मुहैया कराने वाले देवांगन ढाबा के संचालक शंभू लाल देवांगन पिता भरत लाल उम्र 54 पता देवांगन ढाबा पेंड्री भापे दी ढाबा संचालक मोहम्मद हासिम खान पिता नसीर खान उम्र 55 पता वार्ड क्रमांक 09 शंकरपुर चौकी चिखली और शेरे पंजाब ढाबा के संचालक सुरजीत सिंह पिता हरभजन सिंह सूदन उम्र 56 वर्ष पता कौरिनभाठा बसंतपुर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। तीनों ढाबा संचालक अपने-अपने ढाबे में शराब पिलाने के जगह मुहैया कराते मिले जिनके खिलाफ़ आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई।

### आदतन बदमाश पकड़ाया

पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान आदतन बदमाश भी उनके हत्थे चढ़े है। इसमें एक का नाम धनराज उर्फ़ धन्नु साहु पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 24 पता अटल आवास पेंड्री थाना लालबाग व दूसरे का नाम कमलेश गोड पिता स्व. संतराम उम्र 26 पता अटल आवास पेंड्री बताया जाता है। इनके खिलाफ धारा 170, 126/135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर मान. एसडीएम कार्यालय इस्तगासा पेश किया गया।

# अवैध देशी मदिरा की फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में अवैध शराब का जखीरा बरामद



शराब बनाने में प्रयुक्त स्पिरिट, खाली बोतल, ढक्कन, नकली बिना होलोग्राम बिना क्यूआर कोड नकली स्टीकर चिपका हुआ व अन्य सामग्री जप्त

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने एवं सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में आज 7 सितंबर को सायबर सेल को सूचना प्राप्त हुआ है, कि ग्राम नर्मदा में कुछ लोग नकली देशी प्लेन शराब का निर्माण, बाटलिंग, लेबलिंग, फर्जी स्टीकर लगाकर शासकीय मदिरा दुकान में बिकने वाले शराब बोतल का हूबहू नकल तैयार कर क्षेत्र में बिक्री परिवहन का कार्य कर रहे है, जो मानव जीवन के लिए भी खतरनाक है तथा सरकार के राजस्व को भी नुकसान पहुंचा रहे की सूचना पर पुलिस अधीक्षक केसीजी के मार्गदर्शन में सायबर सेल केसीजी का संयुक्त टीम तैयार कर मुखबीर के बताये स्थान पर ग्राम नर्मदा के मंदिर चौक में स्थित मिर्जा वारिस बेग के मकान में नकली शराब की सूचना मिला, जहां गवाहो के साथ दबिश दिया गया। मौके पर उसके दो साथी समीर खान एवं सुखुराम मोटर सायकल में शराब रखकर बिक्री करने ले जा रहे थे। जिन्हें कडाई से पूछताछ करने पर मिर्जा वारिस के कहने पर उसी के दिये शराब को बेचते है व मुनाफा को तीनो बांटते है बताये। मिर्जा वारिस के घर एवं सुखुराम जंघेल के मोटर सायकल से 91 पौवा देशी प्लेन शोले शराब बरामद हुआ कुल 16.38 बल्क लीटर जिसे जप्ती कर देखने पर नकली शराब होना प्रतीत होने से कडाई से पूछताछ करने पर बताये कि नरसिंग उर्फ केजरी निवासी विचारपुर का शराब लाकर बिक्री करता है, बताने पर हमराह स्टॉफ ग्राम विचारपुर जाकर नरसिग के घर को दबिश देकर उसे पकड़ा गया व कड़ाई से पूछताछ किया गया। जो बताया कि ग्राम रौन्दा थाना धमधा जिला दुर्ग में किराये का फार्महाउस लेकर रखा है और वहां नागपुर से नकली शराब बनाने का स्प्रीट लेबल, सील मशीन एवं अन्य समाग्री बनाता है और गांव-गांव में सप्लाई करता है। होलोग्राम और क्यूआर कोड नही लगाता है।

बताने पर रौन्दा जाकर उसके फार्महाउस में दबिश दिया गया, जहां नकली शराब बनाने का 15 बोरी खाली शीशी, पालीथीन के 03 बैग में खाली ढक्कन, बोतल सील करने का मशीन 01 नग, खाली ढक्कन नीले रंग का शीशी में लगाने का जिसमें अंग्रेजी में छत्तीसगढ डिस्टलिज लिमिटेड कुम्हारी बीच में छत्तीसगढ एक्साइज लेख है, 810 नग देशी शराब 145.8 बल्क लीटर अपराध में प्रयुक्त एक टाटा एस वाहन, एक नग एचएफ डिलक्स मोटर साइकल, किमती 50000 रूपये स्पिरिट कीमती 60000 रू. सहित कुल सात लाख नौ हजार पांच सौ नब्बे रूपये का मशरूका जप्त किया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर न्यायालय भेजी गई है। जो 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं 34(1)ख, 34(2), 35, 59 आबकारी एक्ट एवं धारा 318 (4), 336 (3), 340(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मौके पर घटना स्थल मकान को सील किया गया।

अपराध का तरीका, आरोपियों द्वारा शासकीय मदिरा दुकान में मिलने वाले देशी प्लेन शराब का हूबहू नकल तैयार कर आसपास के क्षेत्रों में बिक्री एवं परिवहन करते है, आरोपी नरसिंग एवं विनोद सोनी दोनों देशी शराब दुकान एवं खाली बोतल बिक्री करने वाले लोगों के माध्यम से देशी शराब दुकान में मिलने वाले खाली बोतल खरीदकर एकत्र करते है, बोतल की संख्या पर्याप्त हो जाती है, तो आरोपी महाराष्ट्र से स्प्रीट की व्यवस्था कर स्प्रीट एवं पानी मिलाकर देशी प्लेन शराब तैयार करते थे। जिसे आरोपी खरीदे गये खाली बोतलो में भरकर शासकीय, ढक्कन का हूबहू नकल लगाकर शासकीय शराब दुकान में मिलने वाले प्लेन शराब की तरह तैयार कर क्षेत्र में सभी आरोपी सप्लाई करते थे एवं प्राप्त बिक्री रकम को बराबर बराबर बांट लेते थे।

इस तरह आरोपीगण सरकारी राजस्व में भी नुकसान पहुंचाते थे। उपरोक्त कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक अनिल शर्मा, सउनि टैलेश सिंह, प्रआर कमलेश श्रीवास्तव, आरक्षक कमलकांत, जयपाल, त्रिभुवन यदु का योगदान रहा।

# गायत्री प्रज्ञापीठ भेड़ीकला में 18 शिक्षकों का हुआ सम्मान



राजनांदगाव (दावा)। गायत्री प्रज्ञा पीठ भेड़ीकला में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा अनुरूप मुख्य अतिथि जिला समन्वयक राजनांदगाव जयप्रकाश सिंहा व केसीजी जिला समन्वयक प्रभात कुमार साहू के हाथों शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर 18 शिक्षकों का तिलक लगाकार, गायत्री मंत्र पट्टिका व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया ।

सम्मानित होने वालों में से.नि.प्राचार्य डी.आर. साहू, से.नि.व्याख्याता हीरा दास साहू, रूप राम साहू, से.नि. प्र.पा. सोनू राम साहू, से.नि. प्र.पा. गोपाल राम साहू, प्र.पा.भेष कुमार साहू, प्र.पा. माखनलाल देवांगन, प्र.पा. रामकिसुन देवांगन, से.नि.शिक्षक शोभा राम देवांगन, प्र.पा. परदेशी राम साहू, प्र.पा. मुकेश देवांगन, प्र.पा. जितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक शीला सोनी, भोज कुमार गंजीर, जय प्रकाश सिन्हा, ढाल सिंह साहू, गौकरण वासु, महेन्द्र देवांगन आदि शामिल है। इस अवसर पर सालिक राम साहू, भरत देवांगन, भुराज देवांगन, प्रेमलाल साहू, डॉ. देवेंद्र साहू, कन्हैया दास, मंगल दास, गुंजन, पार्वती, प्रज्ञा, राजेश, सेजल, दिनेश देवांगन, ताराचंद वर्मा, सूर्यप्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।

# संतोष तिवारी का निधन



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय लालबाग निवासी संतोष तिवारी पिता देवनारायण तिवारी 58 वर्ष शिक्षक, शास.मा. शाला खुटेरी का आज दिनांक 07 सितम्बर को आकस्मिक निधन हो गया वे प्रमोद तिवारी के अनुज एवं श्रीमती कनकलता शर्मा, श्रीमती प्रमीला तिवारी, एवं श्रीमती सरिता चौबे के भाई थे वे अपने पीछे पत्नि श्रीमती ममता तिवारी शिक्षिका के साथ भरापूरा परिवार छोड़ गये। श्री तिवारी मिलनसार, धर्मनिष्ठ एक आदर्श शिक्षक थे। उसके निधन से पूरा परिवार दुखी एवं द्रवित है। उनका अंतिम संस्कार लखोली मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें मुहल्लेवासी, शिक्षकगण, विश्व जागृति मिशन परिवार एवं श्री गणेश मंदिर परिवार समस्त मित्रगण व परिवार के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# पदुमतरा स्कूल का प्रेरक नवाचार, जय हिंद से होगी हर दिन की शुरुआत



राजनांदगांव (दावा)। देशभक्ति और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, पदुमतरा ने एक नई और प्रेरक पहल की शुरुआत की है। अब हर दिन की शुरुआत छात्रों और शिक्षकों के द्वारा उत्साहपूर्वक जय हिंद के उद्घोष से होगी। इस अनूठी विचारधारा को विद्यालय में प्रस्तुत करने का श्रेय व्याख्याता हेमकांत मिश्रा को जाता है, जिन्होंने इसे सभी के सामने प्रस्तावित किया और इसे सभी ने एकमत से अपनाया।

व्याख्याता हेमकांत मिश्रा ने इस नवाचार के महत्व को विस्तार से समझाते हुए कहा, जब हम जय हिंद बोलते हैं, तो केवल दो शब्द नहीं कहते, बल्कि हमारे भीतर एक अद्वितीय ऊर्जा का संचार होता है। ये दो शब्द हमारे मन-मस्तिष्क को राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना से भर देते हैं। विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए जय हिंद का उच्चारण उन्हें अपनी मातृभूमि के प्रति सम्मान और गौरव का एहसास कराता है। इससे उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव आता है और वे जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं।

श्री मिश्रा का मानना है कि जय हिंद के उद्घोष से विद्यार्थी न केवल राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझेंगे, बल्कि उनके बीच आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना भी मजबूत होगी। उन्होंने यह भी कहा, यह पहल केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा माध्यम है जो हमारे छात्रों को देश प्रेम, अनुशासन और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है। यह नवाचार हमारे बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष राकेश साहू और सांसद प्रतिनिधि मोहन साहू ने इस पहल की भरपूर सराहना की और इसे विद्यार्थियों के भविष्य के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। प्राचार्य श्रीमती एसके मिंज ने भी इस नवाचार को विद्यालय के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि जय हिंद से अभिवादन करना न केवल हमारे देश के प्रति आदर का प्रतीक है, बल्कि यह सभी को राष्ट्र के प्रति समर्पण और एकता का संदेश भी देता है।

# अपने आप को रेत खदान का सप्लायर बताकर धोखाधड़ी करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार



**अन्य आरोपी की पता तलाश जारी**

बालोद (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुण्डरदेही श्रीमति गीता वाधवानी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अर्जुन्दा टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर टीम गठित कर थाना अर्जुन्दा के धारा 420, 34 भादवि के आरोपी रेखलाल कुम्भकार को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। अन्य फरार आरोपी कलीराम पारकर का पता तलाश जारी है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है, प्रार्थी कमल किशोर सिन्हा पिता डोमार सिंह सिन्हा आयु 28 वर्ष ग्राम नवागांव (डुडेरा) थाना अर्जुन्दा ने लिखित आवेदन पेश किया कि ग्राम रौना निवासी रेखलाल प्रजापति पिता हेमलाल उम्र 35 वर्ष व ग्राम चीचलगोंदी निवासी कलीराम पारकर पिता जगन्नाथ पारकर आयु 45 वर्ष ये दोनो व्यक्ति प्रार्थी को चारामा में अपने आपको रेत खदान व नेवारीकला (बालोद) में रेत खदान होने की जानकारी देकर प्रार्थी से मटेरियल सप्लायर का नया कार्य करने के लिए बरसात के दिनों के लिए रेत मिटटी का स्टाक देने के लिए डम्पर गाडी में रेत सप्लाई के नाम से 1 लाख 10 हजार नगदी कलीराम को दिया है व 3 लाख 20 हजार रूपये रेखलाल को फोन पे किया है। कुल 4 लाख 50 हजार रूपये कलीराम पारकर व उनके सहयोगी रेखलाल दोनो पार्टनर बताकर प्रार्थी से राशि लिया है कि रिपोर्ट पर अपराध धारा सदर पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

126-9 238-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
रोमांटिक, एक्शन, कामेडी एवं गीत संगीत से भरपूर
तहि मोर आशिकी
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - लक्षित झांझी, एल्सा घोष, मनीषा वर्मा, रजनीश झांझी, उपासना वैष्णव, विवेक चन्द्रा, पप्पू चन्द्राकर, जीत शर्मा आदि

आगामी
कॉलेज लाइफ (छत्तीसगढ़ी)
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
06th SEP to 12th SEP 2024
silver SCREEN

Thalapathy is the G.O.A.T. (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 & 09:00pm
Taihi Mor Aashiki (C.G) - 12:30 & 03:30 pm
Stree 2 - 12:15, 03:15, 06:15, 06:30, 09:15 & 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# धूमधाम से विराजे गणपति बप्पा, सूर्य कोटि समप्रभ का फैला आलोक

## धूम धड़ाके के साथ लिवा लाए गए मंगल मूर्ति, वेद मंत्रों के बीच श्री गणेश की हुई स्थापना

**० बाजे-गाजे के साथ की गई भगवान गणेश अगुवानी, निकाली गई शोभायात्रा**
**० गणपति बप्पा मोरया की रही गूंज...**

राजनांदगांव (दावा)। भादो मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को विघ्न विनाशक भगवान गणेश जी अपने आकर्षक पंडालों में धूमधाम के साथ विराजे। भगवान गणेश के भक्तों ने बाजे गाजे की धूम-धड़ाके के बीच नाचते-झूमते हुए वक्रतुण्ड महाकाय की शानदार अगुवानी की और वैदिक मंत्रोचार के बीच भव्य एवं आकर्षक रूप से सजाए गए पंडालों में स्थापना कराई। इस दौरान गणपति बप्पा मोरिया की गूंज वातावरण में तैरती रही।

विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना होते ही पूजा-आरती के साथ सूर्य कोटि समप्रभ भगवान गणेश का आलोक चहूं ओर व्याप्तमान हो उठा। एक से बढ़कर एक लीलाओं के साथ विभिन्न मुद्राओं में विराजमान हुए भगवान गणेश की मनोहारी मंगल मूर्ति को देखकर लोग धन्य-धन्य हुए बिना नहीं रहे।

### गणेश शोभायात्रा की रही धूम

शहर में सबसे पुरानी गणेशोत्सव समिति बाल समाज द्वारा शनिवार की सुबह 10 बजे बालाजी मंदिर से दामू भुतड़ा की अगुवाई में भव्य श्री गणेश शोभा यात्रा निकाल कर धूमधाम के साथ गंज लाईन में लिवा लाए व आतिशबाजी करते हुए भगवान विघ्नहर्ता को वेद मंत्रों के बीच शानदार पंडाल में विराजमान कराया। इसी तरह शिव मंडल गणेशोत्सव समिति, आशीर्वाद मंडल (गंज चौक), सुमति मंडल (कामठी लाइन), बालरत्न मंडल, नवयुवक मंडल, लघु मंडल आदि समितियों द्वारा धूमधाम के साथ भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाएं अपने मूर्तिकारों के यहां से ले आए और मुहूर्त के हिसाब से पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच स्थापना कराया। बाल समाज की ऋद्धि-सिद्धि वाली भगवान गणेश प्रतिमा का वेद मंत्रों के बीच अभिजीत मुहूर्त स्थापना कराया गया और मंगल आरती गाई गई।



सुमति मंडल के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने बताया कि कामठी लाइन में गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश की पांच प्रतिमाए स्थापित की गई। यहां आकर्षक पंडाल के साथ-साथ स्थल सजावट भी मनमोहक हो उठा है। शहर के नवरत्न मंडल रामाधीन मार्ग का आकर्षक गणेश पंडाल इस बार श्रीकृष्ण की भक्ति को समर्पित है। इस बार पंचमुखी गणेशोत्सव समिति द्वारा म्युनिस्पल स्कूल मैदान में भव्य झांकी के साथ भगवान गणेश की स्थापना की गई। यहां मां वैष्णव देवी की गुफा दर्शनीय बना हुआ है। इसी तरह भदौरिया चौक में फ्लाई ओवर के नीचे केदारनाथ की झांकी तैयार कर भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमा स्थापना कराई गई।

### गणेश पूजा- भक्ति की बहेगी बयार

संस्कारधानी नगरी में शनिवार को गणेश चतुर्थी से लेकर 11 दिनों तक श्री गणेश भक्ति की बयार बहेगी। शनिवार को श्री गणेश चतुर्थी के दिन भगवान विघ्नहर्ता की धूम-धड़ाके के साथ स्थापना की गई। डीजे की धुन और बाजे-गाजों की तेज आवाज के बीच नाचते-झूमते भक्त जनों ने भगवान गणेश की अगुवानी की और भाव-भक्ति के साथ पंडालों में विराजमान कराया।

इस दौरान शहर के विभिन्न मूर्तिकारों व गणेश प्रतिमा स्थलों पर मूर्तियां खरीदने वालों की काफी भीड़ रही। फ्लाई ओवर के नीचे सजे गणेश प्रतिमा बिक्री पंडाल से पूरे दिन लोग गणेश प्रतिमा खरीद कर ले जाते दिखे। उक्तानुसार देखा जाए तो शहर के 42 बड़ी समितियों के अलावा 150 से अधिक जगहों पर धूमधाम के साथ गणेश प्रतिमाए स्थापित की गई।

गंज लाईन, कामठी लाईन, रामाधीन मार्ग, गंज चौक, नंदई चौक, इंदिरा नगर चौक, बांसपाई पारा, जमात पारा चौक, हिरामोती लाईन, दिग्विजय कालेज रोड, किला पारा सहित शहर के सभी वार्डो के आकर्षक गणेश पंडालों में भगवान गणेश की स्थापना की गई। शाम के समय इन पंडालों को सजाए गए रंग-बिरंगी लाइटे से जगमग होते देखा गया। बाल रत्न सेवा समिति के अभिनव अग्रवाल, रोहित शर्मा, सौरभ खंडेलवाल आदि ने बताया कि गणेशोत्सव पर रामाधीन मार्ग में 11 दिवसीय महोत्सव होगा। यहां के आकर्षक पंडाल में 10 फीट की गणेश प्रतिमा के साथ भगवान जगन्नाथ की मनोहारी झांकी का दिग्दर्शन कराया जा रहा है। बहरहाल शनिवार को धूमधाम के साथ गणेश स्थापना के पश्चात 11 दिन तक लोग भगवान श्री गणेश की भक्ति में डूबे रहेंगे। हे गजवदन, गणेश जी,, को विनती सुनने की गुहार भक्तजनों द्वारा की जाती रहेगी। इस बीच भाव-भक्ति व भजन-पूजन के कार्यक्रमों के अलावा लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभिन्न कला संस्कृति से संबंधित आयोजनों की धूम बनी रहेगी।

# श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में 10 दिनी भंडारा के साथ मनेगा 'गणेश उत्सव'

राजनांदगांव (दावा)। शहर की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गणेश उत्सव की तैयारी व्यापक तौर से की जा रही है।



**पार्षद गप्पू सोनकर के नेतृत्व में हर साल होता रहा है सफल आयोजन**

इसी कड़ी में श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम मंदिर जनता कॉलोनी लखोली में समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार 10 दिवस तक भंडारा आयोजित करके प्रथम पूज्य देवता का जन्म उत्सव मनाया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे और उपाध्यक्ष गप्पू सोनकर (पार्षद वार्ड क्रमांक 31) ने समवेत तौर से बताया कि इस मंदिर में वर्ष भर समय-समय पर विशेष आयोजन होते रहते हैं। फिर तो श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में गणेश उत्सव का कहना ही क्या? जनता कॉलोनी ही नहीं आसपास के श्रद्धालुओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। आज 7 सितंबर गणेश चतुर्थी से शुरू हुए। गणेश उत्सव की अनंत चतुर्दशी तक धूम रहेगी। प्रतिवर्षानुसार इस बरस भी 10 दिन तक हर शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारा प्रसादी का महा आयोजन होगा। सुबह शाम नियमित आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। मंदिर को विशेष ढंग से सजाया गया है।

गणेश उत्सव को अविस्मरणीय बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सचिव मोहन सिंह राजपूत संरक्षणगण, महेश अग्रवाल, राजेंद्र लड्डा, टी.आर. ठाकुर, राजेंद्र श्रीरंगे, मोहन सिंग राजपूत, नवीन जैन, दीपक जैन, अलोक श्रीवास्तव, तिलाराम ठाकुर, किशोरी पारख, मन्नू शुक्ला, झनक राजपूत, राकेश सरोदे, निक्कू पाण्डेय, गौरव सोनकर, सोनू सोनकर, उभेलाल सोनकर, हरिश श्रीरंगे, दिनेश साहू, बृजेश श्यामकर और उभेलाल सोनकर सहित सदस्यगण भिड़े हुए हैं।

# गिरदावरी अंतर्गत डिजिटल रूप से फसल का सर्वे करने वाले निजी सर्वेयर का प्रशिक्षण आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में गिरदावरी अंतर्गत डिजिटल रूप से फसल का सर्वे करने वाले निजी सर्वेयर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में निजी सर्वेयर की भूमिका जियो फ्रेंस के रूप में होगी, जो डिजिटल रूप से फसल का सर्वे सभी खेतों में जाकर करेंगे। निजी सर्वेयर को प्रतिदिन 30 से 50 खसरों का टास्क दिया जायेगा। जिसे सर्वेयर खेत में जाकर लॉगिन करेंगे। उनसे तहसीलदार पूछेंगे क्या आप अवलेबल हैं और हां में जवाब आएगा।



वैसे ही एप में प्लॉट की स्थिति, खसरा नंबर, एरिया ऑनर का नाम अपने आप फीड हो जायेगा। जो क्रॉप लगी है उसका तीन फोटो लॉन्गिट्यूट लैटिट्यूट के साथ तीन फोटो अपलोड करना है। इस प्रकार एक नंबर का कार्य पूर्ण होगा। जिसमें पटवारी की भूमिका पर्यवेक्षक और राजस्व निरीक्षक की भूमिका सत्यापनकर्ता तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार की भूमिका जांचकर्ता अधिकारी के रूप में की गई है। सर्वेक्षकों द्वारा संपादित सभी खसरे आरआई के पास नहीं आयेगा। सर्वेक्षकों द्वारा सर्वे किये गए खसरे पटवारी के पास आएंगे। पटवारी या अनुमोदन करेगा या रिसेंड करेगा। पटवारी द्वारा दो बार रिजेक्ट होने की स्थिति में आरआई के आईडी में आयेगा। ऐसे खसरों की संख्या बहुत कम होगी, जहां मौके में जाकर आवश्यकतानुसार सत्यापन किया जाएगा।

**सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये फसल की जिंस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की अनुमानित प्रविष्टि की जाएगी**

प्रशिक्षण में बताया गया कि फिल्ड में क्या बोया गया है फसल की जिंस का नाम, मिश्रित फसल की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित-असिंचित फसल, एकवर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी आदि भरी जायेगी। सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये जिंस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की अनुमानित प्रविष्टि करेगा। यदि साफ्टवेयर में जियोरिफ्रेंस्ड रकबा के अनुसार सर्वे किए गए रकबा का योग एक समान नहीं आयेगा। तब तक डेटा सेव नहीं होगा। सर्वेयर किसी भी खसरा नंबर की भूमि के मेड़ में खड़े होकर फोटो कैप्चर नहीं करेगा। यदि ऐसा वे करते हैं तो आसपास के खसरा नंबर के लैटलांग मिस्डमैच होगा। इसलिए सर्वेयर प्रत्येक खसरा नंबर की भूमि के अंदर कम से कम मेड़ से 10 मीटर की दूरी पर जाकर प्रयोग संपादित करेगा। यदि पिक्चर में सोयाबीन फसल दिख रहा पर सर्वेक्षक ने धान प्रविष्ट किया हो अथवा प्लाट खाली है और फोटो गन्ना का अपलोड किया है, तो वही डेटा को पटवारी रिसेंड करेगा। सर्वेक्षक सुधार कर फिर से पटवारी को भेजेगा। यदि पटवारी पुनः रिजेक्ट करता है तब आरआई के आईडी में आयेगा। पटवारी द्वारा परंपरागत ढंग से की जाने वाली गिरदावरी से यह फिलहाल अलग है। धान खरीदी पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी के आधार पर की जाएगी। डिजिटल क्राप सर्वे उन्हीं ग्रामों में की जायेगी, जहां जियोरिफ्रेंसिंग का सेकेंड लेवल कार्य का संपादन हो गया है। सभी ग्रामों के खसरा नंबरों में नहीं की जाएगी। यह शासन की बहुआयामी योजना है। सकारात्मक ढंग से इस कार्य का संपादन करना है। साफ्टवेयर बहुत ही आसान बनाया गया है। किसी भी वर्जन के एंड्रॉयड मोबाईल में प्रयोग किया जा सकता है, जिसमें ये सपोर्ट करें। इसके लिए जिले में पटवारी, आरआई को 3 सितम्बर को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह कार्य 9 सितम्बर से 30 सितम्बर तक संपन्न करना है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा एवं अन्य अधिकारी तथा सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया गया।

# शिव मंदिर की दान पेटी से नगदी चुराने वाला आरोपी पकड़ाया




राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मंदिर में हुई चोरी की घटना के आरोपियों को धर दबोचा है। पकड़े गए आरोपियो व इनमें में से एक विधि से संघर्षरत अपचारी बालक पर कार्यवाही की गई है।

बता दें कि जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देशन पर चौकी तुमड़ीबोड स्टाफ के द्वारा 04 सितंबर को ग्राम तुमडीबोड़ के गौठान में स्थित शिव मंदिर के दान पेटी को राड से तोडकर उसमें रखे लगभग 3000 रु. को चोरी कर लिया गया था। आरोपियों के विरूद्ध प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त कर जेल भेजा गया। वही विधि से संघर्षरत अपचारी बालक के साथ विधि सम्मत कार्यवाही की गयी एवं आरोपियों से चोरी किये गये रकम को जप्त किया गया है। इसमें आरोपी ईस्टपाल कोरे उर्फ राहुल पिता जयपाल कोरे उम्र 18 साल 07 माह निवासी रामनगर थाना लालबाग व ओमकार उइके पिता स्व. नेतराम उइके उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं. 05 रामनगर थाना लालबाग जिला तथा एक विधि से संघर्षरत अपचारी को भी हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरी.कैलाश चंद्र मरई, सउनि अनिल कुमार यादव, आरक्षक. लोकेश साहू, देवानंद परतेती संजय यारदा की भूमिका सराहनीय रही है।

# प्रख्यात शिक्षाविद् प्रांतिक बोस ने ली आकर्षक कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'एनईपी 2020 के साथ कक्षा प्रबंधन' पर एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रख्यात शिक्षाविद् प्रांतिक बोस द्वारा आयोजित किया गया। शिक्षा क्षेत्र में 28 वर्षों के अपने गौरवपूर्ण करियर के साथ, प्रांतिक बोस ने कार्यशाला में अपनी विशेषज्ञता दिखलाई, जिससे भाग लेने वाले शिक्षकों पर स्थायी प्रभाव पड़ा।



प्रांतिक बोस, आईआईएम जोका के पूर्व छात्र और कोलकाता विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर स्वर्ण पदक विजेता ने वैश्विक स्तर पर 300 से अधिक कार्यशालाएं आयोजित की हैं। उन्होंने बांग्लादेश सरकार के लिए परामर्श दिया है, ब्रिटिश काउंसिल के साथ डिबेटिंग मैटर्स के न्यायाधीश रहे हैं, और आईआईटी दिल्ली से एआई और रोबोटिक्स में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कार्यक्रम का विषय एनईपी 2020 के साथ कक्षा प्रबंधन था। कार्यशाला प्रवाह से भरपूर थी। वास्तविक जीवन की घटनाओं पर चर्चा की गई। कई उदाहरण दिए, शिक्षकों को प्रश्न पूछने के लाभ बताए। प्रत्येक बच्चे से प्रश्न पूछने से बच्चा शिक्षक से जुड़ता है। छात्रों के ज्ञान का पैमाना बनता है। प्रश्न पूछना ही मापन और मूल्यांकन का आधार है। प्रश्न किए बिना शिक्षा व्यवस्था अधूरी है। बच्चे को इतना आत्मविश्वासी बनाना चाहिए कि वह सही या गलत उत्तर दे सके और अपनी कमजोरी को पहचान कर उन पर सुधारात्मक प्रयास करते हुए अपनी एकेडमिक परफॉर्मेंस को इंप्रूव कर सके। आत्मविश्वास, संचार, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मक सोच, देखभाल, चिंता, बच्चे को सीखने वाला और सीखने में सक्षम बनाती है। प्रभावी संचार सफलता की कुंजी है।

कार्यशाला राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के साथ प्रभावी कक्षा प्रबंधन रणनीतियों पर केंद्रित थी। प्रांतिक बोस ने शिक्षा प्रणाली में प्रश्न पूछने के महत्व पर जोर दिया, शिक्षकों को प्रत्येक छात्र के साथ जुड़ने और आत्मविश्वास, संचार, महत्वपूर्ण सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, संजय बहादुर सिंह, अशोक चौधरी और अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल, सुरक्षा एवं सतर्कता अधिकारी गोपाल साहू, प्रधान पाठिका सरिता सिंह शामिल थे। प्रिंसिपल श्रीमती एकता खंडेलवाल ने प्रांतिक बोस को उनके अंतर्दृष्टिपूर्ण सत्र के लिए धन्यवाद दिया, जिसे शिक्षण स्टाफ द्वारा फीडबैक सेशन के दौरान व्यापक रूप से सराहा गया।

# डॉ. रमन सिंह का पिता तुल्य स्नेह और आशीर्वाद मिला



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षक दिवस के उपलक्ष में 5 सितंबर को गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में भव्य रूप से मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ डॉ. रमन सिंह के कर कमल से संपन्न हुआ शिक्षक साथियों का सम्मान किया गया। इसी तारतम्य में श्रीमती शीला सोनी राजनांदगांव जिले के शिक्षक साथियों के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. रमन सिंह को पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित साहित्य वांगमय के रूप में भेंट स्वरूप सम्मान स्वरूप डॉ. रमन सिंह को किया गया डॉ रमन सिंह इस साहित्य को देखकर बहुत खुश हुए और उन्होंने कहा कि मुझे बेटा संबोधित किया और कहा श्री राम शर्मा आचार्य जी तो मेरे सबसे बड़े गुरु हैं और युग निर्माण का काम तो उन्हें के द्वारा हो रहा है मुझे मेरे सिर पर उन्होंने हाथ रख आशीर्वाद दिया मेरा परिचय पूछा और मुझे कहा बहुत-बहुत धन्यवाद मैं इस पल के लिए एक पल के लिए मुझे लगा कि जैसे मुझे मेरे पिता का और आशीर्वाद मिल रहा है। शिक्षक दिवस पर डॉ. रमन सिंह से मिले आशीर्वाद और स्नेह मेरे लिए अविस्मरणीय एवं गौरवान्वितल डॉ. साहब को प्रेस के माध्यम से बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हूं।

# परदेस में नाम कमाकर लौटे पहलवानों का पार्षद शरद सिन्हा ने किया स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। रानी सूर्यदेवी मुखी वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद व भाजपा के युवा नेता शरद सिन्हा ने संस्कारधानी राजनंदगांव में मेडल जीतकर लौटेने के खुशी में पहलवान नाहिद अख्तर, गुलरेज गुल खान व जय पटेल का पुष्प गुच्छ भेंटकर और हार माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने तीनों खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं दी है। श्री सिन्हा ने बताया कि राजनांदगांव जिले से 3 लोगों ने पॉवर लिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग में हिस्सा लिया। जिसमे अपने बॉडी वेट कैटेगरी के अनुसार 83 केजी पॉवर लिफ्टिंग एवं 81 केजी वेट लिफ्टिंग में 2 गोल्ड मेडल भारत जिम के संचालक नाहिद अख्तर ने जीता। वहीं 105 केजी वेट कैटेगरी पॉवर लिफ्टिंग में फन फिट फिटनेस जिम के मेंबर गुलरेज गुल खान ने गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा 93 केजी वेट कैटेगरी पॉवर लिफ्टिंग फन फिट फिटनेस जिम के संचालक जय पटेल ने गोल्ड मेडल जीता है। इन खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाया और संस्कारधानी राजनांदगांव का नाम रोशन किया है।

# नवरत्न मंडल के अजय अध्यक्ष, आदर्श उपाध्यक्ष, लोकेश सचिव





राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की रामाधीन मार्ग स्थित नवरत्न मंडल की कार्यकारिणी सर्वसम्मति से घोषित की गई प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 7 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले श्री गणेश पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत 11 सितम्बर बुधवार को संध्या 07 बजे श्री गणेश जी की महापूजा का आयोजन किया जावेगा। जिसमें दीप व धुमाल विशेष आकर्षक का केन्द्र होंगे तथा गणेश जी को लड्डू का विशेष भोग भी लगाया जावेगा तथा विर्सजन झांकी 'माँ' पर आधारित होगी। झांकी की मूर्तियां दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे तथा झांकी के प्लेटफार्म व आर्च में नवीनता दर्शकों को प्रसन्नचीत व प्रफुल्लित करेंगे।

कार्यकारिणी इस प्रकार है - अध्यक्ष अजय खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विजय शर्मा, आदर्श वासनिक, संतोष पुरोहित, अमित खण्डेलवाल, सचिव मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पराग खण्डेलवाल, सहसचिव अंकेश खण्डेलवाल, दिव्यांश अग्रवाल, रौनक चौहान, शंशाक चौरसिया, अंकित खण्डेलवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रतीक राय, कुशल गुप्ता, आशीष गुप्ता, राम ठक्कर, स्वपनिल कन्नौजे, पुष्पक शर्मा, पुजा प्रभारी यश अग्रवाल, कृष्णा शर्मा, पवन खण्डेलवाल, स्थल सजावट प्रभारी जगन चकोले, व्यवस्था प्रभारी विकास सोनी, जय खण्डेलवाल, सचिन द्विवेदी, अतुल अग्रवाल, आलोक रूंगटा, साहिल रूंगटा, पुरूषोत्तम पटेल, चंदा प्रभारी नीरव खण्डेलवाल, विकास चौरसिया, राहुल टांक, वैभव शुक्ला, विर्सजन झांकी प्रभारी गौरव खण्डेलवाल, हिमांशु बजाज, नीकुंज खण्डेलवाल, कुशल खण्डेलवाल, सन्नी टांक, हर्ष सोनी, अविश सोनी, रविश डागा, ओंकार ठाकुर, अंशुल कांकरिया, आरूष अग्रवाल, सौरभ गोयल, जुलुस प्रभारी अरूण खण्डेलवाल, राजेश खोखरिया, राजेन्द्र महोबिया, अशोक गुप्ता होंगे। उपरोक्त जानकारी समिति के उपाध्यक्ष आदर्श वासनिक ने दी।

# स्टेट बैंक की मुख्य शाखा का स्थानांतरण बड़ी समस्या का हल - मोनू बहादुर



राजनांदगांव (दावा)। वर्षों से कामठी लाईन में संचालित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा को दिग्विजय स्टेडियम में स्थानांतरित किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री व स्पीकर डॉ. रमन सिंह के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन ने इस संदर्भ में प्रयास किया था। भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने इस दूरदर्शी प्रयास के सफल होने पर पूर्व सीएम व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, हमारे स्थानीय विधायक व विस स्पीकर ने शहर के विकास और अधोसंरचना सुदृढ़ किए जाने के साथ ही नागरिकों को व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराने और खिलाड़ियों हेतु अवसर सृजित किए जाने की अपनी प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित की है। मोनू बहादुर ने कहा कि, मुख्यमंत्री रहते डॉ. रमन सिंह ने विशाल दिग्विजय स्टेडियम का पुर्ननिर्माण करवाया था।

**भाजयुमो अध्यक्ष ने पूर्व सीएम व विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह का आभार जताया**

आज उसी दूरदर्शी अधोसंरचना के बूते एक बड़ी सुविधा लोगों को मुहैया होगी। कामठी लाईन में स्टेट बैंक की मुख्य शाखा वर्षों से प्रथम तल पर संचालित है। यहां पार्किंग का स्थान न होने से बड़ी मुश्किलें थीं। दिव्यांगों के लिए भी चुनौती थी। इस समस्या को लेकर शहरवासियों की मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने संज्ञान लेते हुए इस मुख्य शाखा को स्टेडियम में स्थानांतरित करने का विचार किया। जिससे न केवल ब्रांच में आने वालों के लिए पार्किंग की समस्या खत्म हो जाएगी बल्कि दिव्यांगों को भी दिक्कत नहीं आएगी। इसके अतिरिक्त ब्रांच द्वारा दिए जाने वाले 3 लाख 10 हजार रुपए प्रति माह के किराए से स्टेडियम का मेंटनेंस और दूसरे कार्य खिलाड़ियों के हित में हो सकेंगे। इससे खिलाड़ियों को भी बड़ा लाभ होगा।

इस दूरदर्शी योजना हेतु उन्होंने जिला प्रशासन को बैंक प्रबंधन से चर्चा के लिए कहा था। चर्चा उपरांत स्टेट बैंक ने स्टेडियम में उपलब्ध करवाए जा रहे 5 हजार स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में शाखा संचालन के लिए सहमति दे दी है। जल्द ही बैंक स्टेडियम परिसर में संचालित होगा। मोनू बहादुर ने कहा कि, यह व्यवसायिक क्षेत्र के लोगों सहित शासकीय सेवकों, पेंशन धारियों की सुगमता हेतु किया गया एक बड़ा सार्थक प्रयास है। स्टेडियम के विकास में भी इससे जो मदद मिलेगी वह उल्लेखनीय है। इस निर्णय से हर वर्ग प्रसन्न है। पूरा शहर विस स्पीकर डॉ. रमन सिंह का आभारी है।

## अनमोल दावा

> *जब तक शरीर है तब तक कमजोरियां तो रहेगी ही इसलिए कमजोरियों की चिंता छोड़ों और जो सही कर्म है उस पर अपना ध्यान लगाओ*

## देश के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में 15 हरियाणा के हैं, दिल्ली के करीब होने का खामियाजा

हकीकत यह है कि वायु प्रदूषण अब किसी एक राज्य की समस्या नहीं रह गई है। कमोबेश सारे राज्य इससे प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण किसी एक क्षेत्र तक सीमित रहने वाली समस्या है भी नहीं। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में प्रदूषण बढ़ता है, तो दिल्ली पर भी उसका प्रभाव पड़ता ही है। वायु प्रदूषण से बढ़ती स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इससे पैदा होने वाली बीमारियों के खतरनाक स्तर तक पहुंच जाने के तथ्य उजागर हैं। कई मौकों पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण और सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली सहित समीपवर्ती राज्यों को इस पर काबू पाने का निर्देश दे चुके हैं। सरकारें इससे पार पाने के लिए अनेक उपाय आजमा चुकी हैं, मगर हकीकत यह है कि शहरों की वायु गुणवत्ता सुधरने के बजाय दिन-ब-दिन बिगड़ती ही गई है। एक ताजा रपट के मुताबिक देश के सौ प्रदूषित शहरों में हरियाणा के चौबीस में से पंद्रह शहर सर्वाधिक प्रदूषित पाए गए हैं। इनमें फरीदाबाद सबसे प्रदूषित शहर है।

वहां पीएम 2.5 का स्तर एक सौ तीन माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर तक दर्ज किया गया, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के अनुसार यह पांच माइक्रोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए। अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि ऐसे वातावरण में लोगों को सांस लेने में कैसी मुश्किलों का सामना करना पड़ता होगा और उनकी सेहत पर कैसा असर पड़ता होगा। यह स्थिति तब है, जब फरीदाबाद राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम का हिस्सा है। हरियाणा के बाकी शहर इसका हिस्सा नहीं हैं। फरीदाबाद के बाद, गुरुग्राम की वायु गुणवत्ता भी बेहद खराब है। वहां पीएम 10 का स्तर राज्य में सबसे अधिक है।हरियाणा में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर की वजहें साफ हैं। दिल्ली से सटा होने के कारण बाहर से आने वाले ज्यादातर वाहन किसी न किसी रूप में इसके भीतर से होकर गुजरते हैं। दूसरे, हरियाणा के हर शहर में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके चलते वहां औद्योगिक क्षेत्र का निरंतर विकास होता जा रहा है। इससे शहरी आबादी और वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ती गई है। औद्योगिक इकाइयों और वाहनों का धुआं वातावरण को तेजी से प्रदूषित कर रहे हैं। सर्दी के मौसम में जब हवा संघनित होकर पृथ्वी की सतह के पास सिमट आती है, तो प्रदूषण और घना हो जाता है। उस वक्त लोगों का सांस लेना दूभर हो जाता है।

दिल्ली में तो इस समस्या के चलते स्कूल-कालेज तक बंद करने पड़ जाते हैं। जगह-जगह पानी की फुहार छोड़ने वाले यंत्र लगाने पड़ते हैं। दिल्ली दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर बन चुका है। दिल्ली सरकार हर वर्ष इस समस्या से पार पाने की रणनीति बनाती है, मगर अब तक उसे इस दिशा में कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब वायु प्रदूषण बढ़ने से परेशानियां बढ़ जाती हैं, तो सरकारें एक-दूसरे पर दोषारोपण भी शुरू कर देती हैं।

मगर हकीकत यह है कि वायु प्रदूषण अब किसी एक राज्य की समस्या नहीं रह गई है। कमोबेश सारे राज्य इससे प्रभावित हैं। वायु प्रदूषण किसी एक क्षेत्र तक सीमित रहने वाली समस्या है भी नहीं। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में प्रदूषण बढ़ता है, तो दिल्ली पर भी उसका प्रभाव पड़ता ही है। इसी तरह दिल्ली का प्रदूषण हरियाणा के सीमावर्ती शहरों पर भी प्रभाव डालता है। इसलिए अपेक्षा की जाती है कि इस समस्या से पार पाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाने चाहिए। एक-दूसरे पर दोषारोपण करके या इस समस्या को राजनीतिक रंग देकर दूर नहीं किया जा सकता। इसमें औद्योगिक इकाइयों की जवाबदेही भी तय करना जरूरी है। मगर विचित्र है कि सरकारें शहरी और औद्योगिक विकास पर तो जोर देती हैं, मगर प्रदूषण से पार पाने के उपायों पर वैसी गंभीरता नहीं दिखातीं।

# वैश्विक स्वास्थ्य चिंता से जुड़ा है फिजियोथेरेपी

**डॉ. हर्ष - रश्मि मोतीरमानी**



राजनांदगांव (दावा)। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस एक ऐसा दिन है जब शारीरिक विकृतता के लिए चिंता उभरकर सामने आती है। किसी भी प्रकार की शरीर की मूवमेंट से संबंधित समस्या का निदान केवल फिजियोथेरेपिस्ट के पास ही उपलब्ध हो पाता है। विशेष रूप से फ्रोजन सोल्डर में फिजियोथेरेपी कारगर सिद्ध होती आ रही है। यह एक ऐसी विकृति है जो लंबे समय तक कंप्यूटर के माध्यम से कार्य संपन्न करने पर उत्पन्न होती है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण कारण आज के युग में मनुष्य द्वारा खुद के लिए समय निकालकर पैदल चलना या एक्सरसाइज न करने के रूप में सामने आ रही है। पूरे दिन एक जैसी मुद्रा में बैठकर काम करते रहने से ही शरीर के जोड़ वाले हिस्से मूवमेंट न होने के कारण कार्य करने में असफल होने लगते हैं। हाथों के मूवमेंट में भी कमी आने अथवा उपर न उठाए जाने पर फ्रोजन सोल्डर जैसी समस्या उत्पन्न होने लगती है । इसी वजह से कंधे की हड्डियों को हिलाना - डुलाना मुश्किल होने लगता है । मेडिकल भाषा में इसी विकृति के कारण पैदा होने वाले असहनीय दर्द को '' एडहेसिव

प्रत्येक व्यक्ति को यह जानना जरूरी है कि मानवीय शरीर में प्रत्येक ज्वाइंट के बाहर एक कैप्सूल होता है । फ्रोजन सोल्डर में यही कैप्सूल स्टिफ या सख्त हो जाता है । इसकी वजह से दर्द धीरे - धीरे और अचानक बढ़ते हुए पूरे कंधे को जाम कर देता है तथा काम करने से पूरी तरह मना कर देता है । फ्रोजन सोल्डर की पहचान कर पाना भी इतना आसान नहीं होता है । प्रायः किसिबप्रकार की चोट को इसका कारण मान लिया जाता है जो सौ - फीसदी सही नहीं हो सकता है । कभी - कभी यह चोट की वजह से जरूरचो सकता है । फ्रोजन सोल्डर में दर्द अचानक उठता है। यह अपना असर इस तरह दिखता है कि धीरे - धीरे कंधे को उठाना अर्थात हिलाना - डुलाना मुश्किल हो जाता है । इस समस्या के तीन चरण हो सकते हैं। इन्हें फ्रीज पीरियड, फ्रोजन पीरियड तथा सुधार के द्वारा जाना जा सकता है। जब हमारा कंधा फ्रीज होने लगता है अथवा जाम होने लगता है तब इसे फ्रीज पीरियड का नाम दिया जाता है। इस स्थिति में असहनीय दर्द होता है, जो रात में और अधिक प्रभाव दिखाता है। इस स्थिति में पीड़ित कंधे को तनिक भी मूव जताने में असमर्थ होता है।



कंधे के दर्द का दूसरा चरण फ्रोजन पीरियड कहा जा सकता है। इस चरण में कंधे की स्टिफनेस बढ़ती जाती है। धीरे - धीरे कंधे की गतिविधियां कम होने लगती हैं। दर्द बहुत होता है, किंतु इसे असहनीय नही कहा जा सकता है। फ्रोजन सोल्डर का तीसरा रूप सुधार के न से पहचाना जाता है। यह ऐसी स्थिति है जब पीड़ित लगने कहता है कि उसके दर्द में कमी आ रही है। मूवमेंट भी थोड़ा - बहुत होने लगता है, किंतु दर्द कभी - कभी अचानक उठता है और बेचैन करने लगता है । कंधे का दर्द किसी भी स्तर का हो इसके इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं दिखानी चाहिए। लक्षण और शारीरिक जांच के उपरांत कुशल फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर इलाज की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए । प्रारंभिक जांच के साथ ही डॉक्टर कंधों और बांह के के कुछ खास हिस्सों पर दबाव देकर दर्द की तीव्रता को जांचते - परखते हैं। इसके अलावा एक्स- रे या फिर एम आर आई कराने की सलाह भी दी जाती है । जहां तक इलाज और दवाइयों की बात की जाए पीड़ित को पेन किलर के साथ ही स्टेरॉयड, इंजेक्शन, सोल्डर मैनिपुलेशन और फिजियोथेरेपी के अंतर्गत एक्सरसाइज जैसी प्रक्रिया से गुजरना होता है ।

उपचार के मामले में डॉक्टर्स द्वारा फ्रीजिंग स्टेज को ध्यान में रखते हुए दर्द से राहत के लिए कंधे को बड़ी ही सहजता के साथ धीरे - धीरे हिलाना, मांसपेशियों को ढीला करना, ड्राई नीडलिंग और कोइनस्योलॉजी टेपिंग जैसी थेरेपी देना शुरू किया जाता है। टेंस मशीन के उपयोग द्वारा दर्द को कम करने का प्रयास भी शुरू किया जाता है , जो काफी राहत देने वाला होता है। इसमें कंधों की गतिशीलता से संबंधित व्यायाम कराए जाते है। विशेष रूप से पेंडुलम व्यायाम, कंधों को आगे की ओर उठाना, कंधे जा बाहरी घुमाव और कंधे का प्रभावी तरीके से आंतरिक और बाह्य घुमाव इलाज में शामिल किया जाता है। एक्सरसाइज शुरू करने से पहले दर्द में राहत के लिए गर्म या ठंडा पैक लगाया जा सकता है। स्ट्रेचिंग के साथ नम गर्मी के प्रयोग से मसल की विस्तारशीलता में सुधार देखा गया है । सहनशीलता के साथ पीड़ित पुल्ली एक्सरसाइज भी कर सकता है। फ्रोजन स्टेज के दौरान कंधे के जोड़ की गति की सीमा में कमी आती है। कंधे के जोड़ की गतिशीलता और खिंचाव, मसल को आराम देने की तकनीक, ड्राई नीडलिग और क्षमता को पुनः प्राप्त करने के लिए व्यायाम का सहारा लिया जा सकता है। मोबिलाइजेशन के साथ मूवमेंट शैली जैसी तकनीक सबसे प्रभावी इलाज मानी जा सकती हैं। दर्द से राहत के लिए गर्म और ठंडा पैक लगाया जा सकता है। छाती की मसल्स और कंधे की मांसपेशियों के लिए स्ट्रेचिंग वाला व्यायाम करते रहना चाहिए । मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने के लिए आइसोमेट्रिक या स्टेटिक संकुचन जैसे व्यायाम भी किए जा सकते हैं। इसे कंधे में दर्द बढ़ने की चिंता के बिना किया जा सकता है ।

इसी इलाज के चरण में शामिल सुधार चरण पीड़ित को सबसे अधिक आराम देने वाला होता है। इस समय मजबूती बढ़ाने वाले व्यायाम महत्वपूर्ण माने जा सकते है क्योंकि कुछ महीनों तक काम हरकत करने के बाद कंधा काफी कमजोर हो जाता है। जाम हुए कंधों की तुलना में पीड़ित सहन की गई सीमाओं के भीतर, लंबे समय तक धारण अवधि के साथ अधिक गतिशीलता वाले व्यायाम भी आइसोमेट्रीक या संकुचन से आगे और अंततः वजन वाली मशीनों तक पहुंच सकते हैं । रोटेटर कफ व्यायाम , साथ ही डेल्टोइड और चेस्ट की मसल्स के लिए व्यायाम उपचार में शामिल किए जा सकते हैं। समय रहते सहीं व्यायाम तकनीक के द्वारा इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है।

*संजीवनी फिजियोथेरेपी क्लीनिक*
लालबाग, राजनांदगांव

## विचार-सरिता

### मन में बसे हैं राम - 252 : लक्ष्मण जी ने कहा जहां भैया राम जाएंगे, मैं वहीं साथ जाऊंगा

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



लक्ष्मण जी ने उत्तर दिया, ''जहां श्री राम हैं, वहां भय, कष्ट और पीड़ा कहां माते? मुझे तो इस बात से आश्चर्य हो रहा है कि वनवास को इतना कष्टदायक क्यों माना जाता है। क्या वहां मनुष्य निवास नहीं करते हैं? क्या वन प्रांतर में निवास करने वाले वे सब,मेरे अपने नहीं हैं? क्या सुख का मापदंड केवल वही है, जो बड़े नगरों में रहने वाले मनुष्य तय करते हैं? मैं आपसे वनवास की अनुमति नहीं मांग रहा हूं क्योंकि मेरे लिए जहां श्री राम हैं, वहां अयोध्या है।मैं वनवास नहीं, भैया राम का साथ मांग रहा हूं। यह तो मुझे मिल ही सकता है माते !''

माता कौशल्या ने लक्ष्मण जी से कहा, ''तुम तो वन चले जाओगे पुत्र लेकिन उर्मिला तो यहां अकेली रह जाएगी। तुमने उसकी इच्छा तो पूछी ही नहीं है कि क्या वह तुम्हें वन जाने देगी और फिर क्या तुम्हारा उसके प्रति कोई कर्तव्य नहीं है? 14 वर्षों की लंबी अवधि के लिए उससे दूर रहना क्या उसके साथ अन्याय नहीं होगा पुत्र?''

लक्ष्मण जी कुछ कह पाते, इससे पूर्व सीता जी ने कहा, ''हां लक्ष्मण भैया !आप एक बार उर्मिला से भी चर्चा कर लें, फिर अपने वन जाने का प्रस्ताव रखने के बारे में सोचें। माता कैकेई की इच्छा और राज्यादेश केवल आर्य पुत्र के लिए है। अतः आपको यहां रुकते हुए पिता, माताओं और राज्य की सेवा करनी चाहिए।ऐसा मेरा मत है।''

''भाभी,इस बारे में मैं सुनिश्चित हूं। मेरे और उर्मिला के विचार कभी पृथक हो ही नहीं सकते हैं। उर्मिला का निर्णय मेरा होता है और मेरा निर्णय उर्मिला का होता है। हमारे मध्य किसी किंतु, परंतु या पूर्व जानकारी आदि औपचारिकताओं की कोई आवश्यकता नहीं होती है।उर्मिला तो आपकी छोटी बहन हैं। आप स्वयं मुझसे अधिक उनके बारे में जानती हैं।''मुस्कुराते हुए लक्ष्मण जी ने कहा।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### 'लालबाग के राजा' को 20 किलो सोने का मुकुट

भगवान भरे ल अउ भरथे
अखबार पढ़कर
आश्चर्य कर
बानी बोले - सुनिए तो गजाधर।
मुम्बई की खबर
रिलायन्स इन्डस्ट्रीज के चेयरमैन
मुकेश अम्बानी के छोटे बेटे
अनन्त अम्बानी ने
'लालबाग के राजा' को
बीस किलो सोने का मुकुट पहनाया।
हमारा तो भैया ! सर चकराया।
सोने के मुकुट की कीमत
पंद्रह करोड़ रूपये बताई जा रही है।
इस पर कहिए गजाधर !
आपके मन में कौन-सी बात आ रही है ?

गजाधर ने मुस्कराकर,
मंगल मजदूर की तरफ देखकर,
उसके पास आकर, कहा -
ते बता मंगलू !
ये पंद्रह करोड़ के मुकुट बर,
तोर मन ह का कहिथे ?
अपन चिरहा कुरता ल सियत-सियत
मंगलू बोलिस -
भगवान ह घलो महराज !
भरे ल अउ भरथे।
अम्बानी ह 15
करोड़ दान दे थे
काबर के वो ह
पचास-साठ
करोड़ कमा ले थे।



\- गिरीश बख्शी

## गणेश से साक्षात्कार

### गणेश को भाते मिट्टी के गणेश

**विजय मिश्रा 'अमित'**



देवकी-वासुदेव लल्ला कन्हैया की तरह ही उमा-भोलेनाथ लल्ला गणेश की पूजा धूम-धड़ाका,नाचा गाना के साथ भक्तगण करते हैं। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी अर्थात गणेश अवतरण दिवस से चतुर्दशी तक गणपति मूर्ति की स्थापना की जाती है।ऐसे ही समय में डॉ खूबचंद बघेल चौक पर स्थापित गणेश के साथ मेरी भेंट हो गई। सादर शिष्टाचार उपरांत मैंने हाल-चाल पूछा तो वे बोले- बढ़िया-बढ़िया हाल-चाल हो तभी तो भेंट मुलाकात होती है भाई।

मैंने सहमति में सिर हिलाते हुए गणेश जी से उनके जन्म-जीवन के संबंध में पूछा तो अपने सूंड को मेरी पीठ पर रखते हुए बोले- मेरी जयंती की कहानी बड़ी रोचक है भाई। मेरी माई पार्वती ने नहाते समय हल्दी, मिट्टी तेल निर्मित उबटन से मुझे सृजित किया और मेरा नाम विनायक रखा। आगे मेरे रूप-रंग, कर्म-धर्म को देखते हुए गजानन, गणेश, गणपति, लम्बोदर, शूर्पकर्ण आदि नाम से मैं सुशोभित हुआ।



बातचीत को आगे बढ़ाते हुए मैंने कहा - वर्ष में एक बार आपको दस दिनों तक बिठाने के पश्चात जब विसर्जित करते हैं तो हमारे बाल गोपाल बहुत रोते बिलखते हैं। आपको ऐसे विसर्जित करने के पीछे की कहानी क्या है?

इस पर गणेश जी खिलखिला कर हंस पड़े। उनका पेट भी थुलथुल हिल रहा था। अपने हिलते पेट को सहलाते हुए उन्होंने ने कहा- दरअसल नन्हें मुन्ने बच्चे मुझे मित्र की तरह मानते हैं। निडरता पूर्वक वे मुझे क्रिकेटर, डॉक्टर, किसान, सोल्जर, स्पाइडर-मैन के रूप में बनाते, बैठाते, पूजते हैं। इसीलिए मेरे विसर्जन के समय मित्र खोने की पीड़ा उन्हें रूलाती है।

इतना कहकर कान में बैठे मच्छर को सूंड से उड़ाते हुए बोले- महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत की कथा लिखने की जिम्मेदारी दी थी। वे बोलते गए और मैं लगातार लिखता गया। तब मेरा पूरा शरीर तपने लगा था। मुझे शीतलता प्रदान करने के लिए शीतल जल में उतारा गया था। तभी से मेरे विसर्जन की परम्परा अनवरत चली आ रही है।

बातचीत आगे बढ़ाने के पहले एक हाथ लम्बा खीरा को छीलकर उन्हें खिलाते हुए मैंने पूछा -दस दिनों तक आप अपने घर परिवार से दूर हमारे साथ रहते हैं। आपके परिजन चिंतित तो रहते होंगे? मेरे इस सवाल उन्होंने कहा- अरे भाई मत पूछो, वे तो मुझे समझा बुझाकर भेजते हैं। पृथ्वी पर जाकर सम्हलकर रहना। वहां विविध किस्म के प्रदूषण और खान-पान की चीजों में भारी मिलावट का बोल बाला है। कुछ भी मत खा पी लेना। कहीं भी आसन जमाना तो मलेरिया डेंगू मच्छर से बच के रहना।

इतना कहते-कहते गणेश जी अपनी छोटी-छोटी आंखें चारों तरफ घूमा कर देखने लगे कि आसपास कोई खतरनाक मच्छर, मक्खी कीड़ा- मकोड़ा तो नहीं है। मैंने उनके डर को दूर करते हुए कहा आप चिंता न करें यहां कछुआ छाप अगरबत्ती जलाएं है। मेरी बात से वे थोड़े मुसकाएं। फिर सूंड़ लम्बी करके थाली में रखे आठ दस लड्डूओं को चबा गए और ताम्रपात्र में रखे पानी को गटागट पीने के बाद ढकार लेते हुए बोले- हां अब पूछो क्या पूछना है।

यह सब देखकर झिझकते हुए मैंने कहा- आप तो बड़े खबड़ू हैं। आपको कौन-कौन सी चीजें अच्छी लगती हैं। इस पर उन्होंने कहा मिठाईयों में मोदक, फलों में केला, सीताफल, फूलों में गेंदा-कमल और वनस्पतियों में दुबी सर्वाधिक प्रिय है। वैसे भक्तगण जो खिला-पिला देते हैं, मैं प्रेमपूर्वक खा-पी लेता हूं। किसी प्रकार के नाज़ नखरे नहीं दिखाता।

यह सुनकर मैंने कहा- वाह, यह तो बड़ी अच्छी बात है। तभी आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। समस्त इंसानों को भी आपकी तरह ही सरल स्वभाव को रखना चाहिए। अच्छा गणेश जी आपके परिवार में कौन-कौन हैं।

इस पर गणेश जी अपने गोल-मटोल उदर को सहलाते हुए बोले-मेरी दो अर्धांगिनियां रिद्धि-सिद्धि हैं। स्वास्तिक के चिन्ह पर बनी दो रेखाएं रिद्धि- सिद्धि की ही प्रतीक होती हैं। शुभ और लाभ दो बेटे और एक बेटी है, जिसे तुम लोग संतोषी माता के रूप में पूजते हो। तुष्टि-पुष्टि नाम की दो बहुएं हैं, जिनके दो बेटे माने मेरे पोते आमोद- प्रमोद हैं।

अरे वाह। आप भी छोटा परिवार सुखी परिवार के पक्षधर हैं कहते हुए मैंने पूछा-अपने भक्तजनों को क्या संदेश देना चाहेंगे? इस पर वे बोले हमारे देश में भाईचारा और एकता की भावना को बनाए रखने हेतु सर्वप्रथम लोकमान्य तिलक ने गणेश स्थापना की पहल की थी। इस पवित्र उद्देश्य को बनाए भक्तगण अपनी कला संस्कृति को अपनाएं। फूहड़ कानफोड़ू नाच गाना से दूर रहें। मेरा विसर्जन नदी तालाब में करते हैं अतः पानी के प्रदूषण और जलीय जीवों की रक्षा हेतु बिना रासायनिक रंग पेंट से रंगे मिट्टी से ही निर्मित मेरी मूर्ति की स्थापना करें। इतना कहते-कहते गणेश जी ऊंघने लगे। रात काफी हो गई थी, अतः अभिवादन करके विदा ले लिया।

अग्रोहा कालोनी रायपुर
मोबाइल 9893123310

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस समय लोग बेहतरीन विचारों को सुननेङ्कजानने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। आज आप लोगों से जो भी बात मनवानी है, आसानी से मनवा सकते हैं। अपने अधिकार जताने की प्रवृत्ति को नियंत्रण में रखें, यह आपके काम पर असर डाल सकती है।

**वृषभ** — आज का दिन आपका खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी 7 आज आप अपने मन के आधार पर फैसले लेंगे। लेकिन वे सिर्फ पैसों के मामले में लाभकारी साबित होंगे7 आज सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता भी हांथ लगेगी।

**मिथुन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर मिल सकती है। आपको किसी कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है। इस राशि के उभरते हुए लेखकों के लिए आज का दिन एक बेहतरीन हो सकता है क्योंकि आपके लेख या आपकी पुस्तक किसी बड़े पब्लिशर के द्वारा प्रकाशित हो सकती है।

**कर्क** — आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप शाम का समय परिवारवालों के साथ बिताएंगे। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने की उम्मीद है। लेकिन कोई डील करते समय बोलने से पहले सोच लें, कहीं ऐसा ना हो कि डील होने से पहले केंसिल हो जांए।

**सिंह** — आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगें वो आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। आज किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं जहां आप निजी समस्याओं को लेकर बातचीत करेंगे । आज रिश्तें में सुधार लाने के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी मदद से पूरा हो जाएगा। आज किसी दूसरे के काम में राय देने से बचें और साथ ही आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के जो लोग सोशल नेटवर्किंग से जुड़े हैं उनके लिए आज का दिन बढ़िया है।

**तुला** — आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी काम को करते समय अपने मन को शांत रखें, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। अगर आप जल्दी मचाएंगे तो सब गड़बड़ हो जाएगा। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं आज उनके लिए रिश्तें आ सकते हैं। परिवार वालें आपके विवाह की प्लानिंग करेंगे।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया है। जिन चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे हैं, आज पूरे होने वाली हैं। जिन कोशिशों को आप अपनी ओर से व्यर्थ मान चुके थे, वे आज सफल होंगी। आपका करियर आपकी योजना के अनुसार नहीं जा रहा है तो बेहतर है कि अपने गुरु से परामर्श लें।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपके मन में नए विचार आयेंगे, हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करें, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा। आज परिवार से जुडी कई जिम्मेदारियां निभाएंगे। इस राशि के कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन अच्छा होगा, हो सकता है कि आपको आज कोई नया कॉन्ट्रेक्ट मिलेगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज का दिन यात्रा में बितेगा। ये यात्रा में ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा।

**कुंभ** — आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान आध्यात्म की तरफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की जरूरत है। निश्चित ही घर में खुशियों का आगमन होगा ।

**मीन** — आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से काम करेंगे। आप अपने माता-पिता या बहन भाइयों के साथ भी समय बिता सकते हैं। ऑफिस में कोई नया काम करने का मौका मिल सकता है। आज दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है।

## कविता

### गौरी पुत्र गणराज

गौरी के पुत्र प्रभु तय गणराज
तोर पूजा होवय पहिली आज।
बिघन के तय ह हरईया
गियान के तय देवईया
तय करे सफल सब के काज।
सुभ कारज तय हर करईया
तय हर आसीस के देवईया
तोर महिमा गाये सन्त समाज।
गियान बुद्धि के बतईया
वेद पुराण के सिरजईया
भक्ति श्रद्धा के बने महाराज।
तोर वाहन हे मुसवा सवारी
तोला लागय सुग्घर न्यारी।
तय हर बने ग सब के देवराज।
लड्डू मोदक तोही लभावय
तोला इही हर अबड़ मिठावय
मिलजुल खावय तोर संगी आज।
दुखिया के दुख हरईया
सुख के तय हर देवईया
तैहर सब देवता के बने महाराज।





अशोक पटेल

# पुरुस्कृत शिक्षकों को छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने दी बधाई



अ.चौकी (दावा)। शिक्षक दिवस सभी शिक्षक समुदाय के लिए गौरव से भरा दिन होता है इस दिन विभिन्न संस्थानों में गुरुओं का स्वागत व सम्मान किया जाता है, इसी तारतम्य में जिला मोहला मानपुर अं चौकी के अंतर्गत आने वाले शालाओं के नवाचारी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया जिनमें प्रमुख रुप से शिक्षक एवं छतीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का जिला प्रवक्ता अंगद सलामें प्रा.शाला मुंजाल विकासखंड मानपुर, नीलकंठ कोमरे प्रा. शा सिरलगढ़ विकासखंड अं. चौकी को राजभवन रायपुर में छत्तीसगढ के राज्यपाल रमेन डेका व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राज्यपाल शिक्षक पुरुस्कार से सम्मानित किया गया, वहीं जिला शिक्षा विभाग जिला मोहला-मानपुर अं चौकी द्वारा जिला स्तर पर मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार अंतर्गत प्रदान किये जाने वाले ज्ञान दीप पुरस्कार 2024 माध्यमिक शाला स्तर के शिक्षक कुमार लाल पुरामें वि.खं. मोहला, सोनसिंग कोमरे उ.व.शिक्षक वि.खं. मानपुर, ताम्रध्वज साहु उ.व.शिक्षक वि.खं.अं चौकी को प्रदान किया गया साथ ही प्राथमिक शाला स्तर के शिक्षकों को दिये जाने वाले शिक्षादूत पुरस्कार 2024 वि. खंड मोहला से वेद राम रावटे स.शि., विद्या श्रीरंगे प्रदान प्र.पा., अमित कुमार ठाकुर बाम्बेश्वर स.शि. वि.खंड मानपुर से अजय कुमार ठाकुर प्र.पा., कमला दर्रो प्र.पा., प्रदीप कुमार मंडावी, प्र.पा. वि.खंड अं. चौकी से कृपा राम साहु स.शि., योगेन्द्र कुमार देवांगन प्र.पा. श्रीमती सुचित्रा सोनी प्र.पा. को दिया गया।

जिले के शिक्षकों की इस विशेष उपलब्धि पर छत्तीसगढ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई के अध्यक्ष श्रीहरी, प्रांतीय संगठन मंत्री, बाबूलाल लाडे, महिला प्रांतीय संयोजक, ललिता कन्नौजे, संयोजक रमेश सोनी, मनोज देशमुख, भेषराम रावटे जिला उपाध्यक्ष राममणि द्विवेदी, बंशी विनायक, सत्यवान वाकड़े, महासचिव विरेन्द्र पाल लाडेश्वर, जिलासचिव रूपेंद्र नन्दे, जिला पदाधिकारी चेतन भुवार्य, रविंद्र रामटेके, किशोर देवांगन, हिमेश्वरी देवांगन, संजय देवांगन, सुधन सिंह कोरेटी, दिलीप धनकर, जीवन नेताम, सरोज साहू, चौकी ब्लॉक अध्यक्ष निर्मला कसारे, मोहला ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश उसेंडी, मानपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवशंकर तारम, सनत देवाहरे, जिला मिडिया प्रवक्ता गुलाब सिन्हा ने सभी पुरुस्कृत शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की बधाई दिया है।

# छत्तीसगढ़ी फिल्मों की शूटिंग के लिए तांदुला रिसोर्ट बेहतर विकल्प- मन कुरैशी



बालोद (दावा)। रविवार को बालोद के तांदुला रिसोर्ट में छत्तीसगढ़ी फिल्म के उभरते अभिनेता मन कुरैशी पहुंचे। उन्होंने बालोद के पत्रकारों से सौजन्य मुलाकात की। प्रथम बार बालोद पहुंचने पर पत्रकारों के द्वारा गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि बालोद में बने तांदुला रिसोर्ट छत्तीसगढ़ी फिल्मों की शूटिंग के लिए एक बेहतर विकल्प साबित होगा। इससे स्थानीय कलाकारों को गर्व भी महसूस होगा। तांदुला रिसोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में मन कुरैशी ने कहा कि चौहान ग्रुप ने प्रदेशवासियों के लिए बहुत ही सुंदर तांदुला रिसॉर्ट बनाया है, जिसे पूरे छत्तीसगढ़ के लोग पर्यटन स्थल के रूप में जानेंगे और पहुंचेंगे। जैसा कि रिसोर्ट के संचालक चौहान जी द्वारा जानकारी दी गई कि छत्तीसगढ़ में बालोद पहला जिला होगा जहां हेलीकॉप्टर आएगा और हेलीकॉप्टर से शादी भी होगी। इसी तरह शासकीय स्कूल के बच्चों को भी फ्री में रिसॉर्ट का आनंद दिलाएंगे इस तरह की पहल निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। उन्होंने फिल्मों में अपने कैरियर के शुरुआती दिनों से लेकर अब तक के सफर को पत्रकारों से साझा किया।

उन्होंने बताया मेरी छत्तीसगढ़ी फिल्मी जगत के कैरियर की शुरुआत बालोद जिले से है। मेरी पहली फिल्म बी ए फर्स्ट ईयर रिलीज होने के बाद दूसरी फिल्म में काम नहीं मिल रहा था। उस समय बहुत दिक्कत हो रही थी। लेकिन उसके बाद मेरा सफर आगे बड़ा और आज मैं इस मुकाम पर पहुंचा हूं। उन्होंने बताया छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत में आने के पहले मैं एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। टावरों पर चढ़कर काम करता था, लेकिन छत्तीसगढ़ की संस्कृति को फिल्मों में जीवंत करने का मन में बचपन से ही इरादा था। उन्होंने बताया अब तक उनकी छत्तीसगढ़ में 27 फिल्में रिलीज हो गई है। उन्होंने कहा शूटिंग करने के लिए हमें रायपुर से बहुत दूर सतरंग डेम जाना पड़ता है जो बहुत दूर है। तांदुला डेम हमारे लिए बहुत अच्छा रहेगा और छत्तीसगढ़ी फिल्मों के लिए तो बहुत ही अच्छा रहेगा। यहां पर हम आने वाले समय मे फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे। छत्तीसगढ़ी अभिनेता मन कुरैशी ने बताया कि 6 दिसंबर को सुकवा फिल्म आने वाली है। पत्रकारों से चर्चा के दौरान रिसॉर्ट के संचालक अजय चौहान, भिलाई नगर निगम के पूर्व सभापति व समाजसेवी राजेंद्र अरोरा, तांदुला रिसोर्ट के शमशेर बहादुर कांचा सहित नगर के अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### दनिया पुल का निर्माण के लिये आज चक्काजाम

गंडई (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी केसीजी के अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे ने बताया कि दनिया पुल का निर्माण जो कि प्रारंभ नहीं किया गया है, जबकि पुल हेतु प्रशासकीय स्वीकृति व राशि, लोक निर्माण विभाग में प्राप्त हो चुका है। जिससे आम जन मानस को काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इस गंभीर समस्या को जल्द निराकरण हेतु सभी संकल्पित है, विरोध प्रदर्शन कर शासन, प्रशासन को अवगत कराने आज 08 दिन रविवार को मुख्य चौक दनिया में प्रातः 11 बजे चक्काजाम किया जाएगा। जिसमें गंडई ब्लाक में निवासरत प्रदेश के पदाधिकारीकरण पूर्व विधायक, जिला एवं ब्लाक के पदाधिकारी, सभी विंग के ब्लाक अध्यक्ष गण एवं उनके पदाधिकारी युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग एवं सभी प्रकोष्ठों के ब्लॉक अध्यक्ष सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि गण एवं कांग्रेस के सभी बूथ अध्यक्ष, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारीगण, कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### लुभी साहू का नीट यूजी 2024 में चयन

हरदी (दावा)। ग्राम बुड़ेना (भरदाकला) निवासी लुभी साहू पिता केदार साहू का चयन नीट युजी 2024 एमबीबीएस के लिए हुआ है। लुभी बचपन से ही होनहार छात्रा रही है। वर्तमान में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के लिए चयन हुआ है उसकी सफलता पर माता-पिता परिवारजन सहित ग्रामीणों में हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी। लुभी साहू ने अपनी सफलता का श्रेय व्याख्याता दुष्यंत साहू अपने माता-पिता सहित शिक्षकों को दिया है।




### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। टग ऑफ वार अर्थात रस्साकशी प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रा वर्ग में शिवाजी सदन की टीम और छात्र वर्ग में टैगोर सदन की टीम विजयी रही। दोनों वर्गों में क्रमशः टैगोर और अशोक सदन की टीम उप विजेता रहीं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने सभी विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के प्रारंभ में मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। छात्रा सुरमई सिंह ने स्वागत भाषण दिया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेते हुए पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी अच्छा प्रदर्शन करने का आह्वान किया। छात्र मोक्ष साहू ने धन्यवाद ज्ञापन किया। खेल प्रतियोगिता का समन्वय विद्यालय के खेल शिक्षक शिवम सुमन ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।



### कोपेडीह से मगरलोटा मार्ग काफी लंबे समय से खराब



टेड़ेसरा(दावा)। राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोपेडीह से मगरलोटा मार्ग काफी लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। इस तरफ ध्यान देने वाला कोई नहीं पूर्व सरपंच दुखीराम साहू ने बताया कि यह रोड़ कॉफी व्यस्त मार्ग होने की वजह से स्कूली बच्चे भी पढ़ने के लिए जाते रहते हैं। काफी लंबे समय से इस मार्ग को मरम्मत करने की मांग की गई थी। उसके बाद भी आज तक इस मार्ग को बनाने के लिए क्षेत्र के किसी भी जनप्रतिनिधियों को कोई चिंता तक नहीं है। दुखीराम साहू ने यह भी बताया कि बड़ी-बड़ी बातें करने वाले क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के द्वारा भी किसी प्रकार की इस तरफ पहल नहीं करने की वजह से आज तक यह मार्ग नहीं बन पाया। साहू जी ने यह भी बताया कि बारिश थमने के बाद इस मार्ग का मरम्मत एवं डामरीकरण नहीं किया गया। जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा और तो और साहू ने यहां भी कहा कि फिर भी बात नहीं बनी तो ग्रामीण को लेकर चक्काजाम भी करूंगा। शासन-प्रशासन इस मार्ग को तुरंत ही मरम्मत कराया जाना चाहिए।

# वाणिज्य विभाग द्वारा मनाया गया शिक्षक दिवस



**रूचि ताम्रकर बनी वाणिज्य परिषद की अध्यक्ष**

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में वाणिज्य विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती के तत्वाधान में 5 सितम्बर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर वाणिज्य विभाग के छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्नातक स्तर पर बी कॉम द्वितीय एवं तृतीय वर्श तथा एम.कॉम. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रियांशु जैन द्वारा गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए मिटटी एवं कुम्हार की कहानी का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कु. लोमीन के द्वारा गुरुजनो की महत्ता को वाणिज्य में प्रयोग होने वाले शब्दावली से कविता के माध्यम से बताया। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती, वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू, पूर्वेश बांधे का पुष्पगुच्छ, श्रीफल व पेन भेट कर सम्मान किया गया।

प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती द्वारा छात्राओं को गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने अपने गुरुजनों को याद कर एवं उनके बताये गए प्रेणणादायीं वचनों को छात्र-छात्राओं के मध्य साझा किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव द्वारा छात्राओं के सफल कार्यक्रम के आयोजन हेतु शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए धन्यवाद दिया गया। मंच संचालन दुखहरन साहू (बी.कॉम. अंतिम) के छात्र द्वारा किया गया।

वाणिज्य परिषद का हुआ गठन - इस अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा छात्र परिषद का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष. रुचि ताम्रकार एम कॉम तृतीय सेमे. उपाध्यक्ष निकिता गुप्ता एम कॉम.प्रथम सेम., सचिव शुभम रंगारी, उपसचिव डिंपल कोसरे, कोषाध्यक्ष ताराचंद और सह कोषाध्यक्ष भावना पटेल एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपेश, अखिल यादव, बलदेव कुमार, उषा वर्मा, अमन कुमार वर्मा और चांदनी को मनोनीत किया गया। शिक्षकों द्वारा सभी विद्यार्थियों का उचित शिक्षा का महत्व और अच्छे जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया गया और अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन नैनसी जैन, रुचि और निकिता द्वारा किया गया।

# चेन्दरीबन नवागॉव में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया



हरदी (दावा)। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागॉव में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाला के सभी बच्चों ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मॉं सरस्वती एवं पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण किया गया। बच्चों को राधाकृष्णन के जीवन प्रसंगो से अवगत कराया गया। महान गुरूभक्त आरूणि के बारे में बताया गया। शिक्षकों को श्रीफल एवं पेन भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर कोमलचंद आर्य माध्यमिक प्रधान पाठक, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चन्द्रभूषण साहू प्राथमिक प्रधान पाठक, चैतन्य देवांगन, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा वर्षा पटेल आठवीं ने किया।

# नगर में गणेश उत्सव आयोजन में शांति व्यवस्था हेतु समितियों की बैठक संपन्न

**एसडीएम एवं एसडीओपी के द्वारा समिति के पदाधिकारी व सदस्यों को दिया गया महत्वपूर्ण निर्देश**



खैरागढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में गणेश उत्सव के मद्देनजर शांति व्यवस्था व कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु शनिवार 07 सितंबर को थाना खैरागढ़ में एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर साहू एवं एसडीओपी खैरागढ़ लालचंद मोहले की उपस्थिति में खैरागढ़ शहर के सभी गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी व सदस्यों की शांति समिति की मीटिंग लिया गया। बैठक में कार्यक्रम का आयोजन शांतिपूर्ण करने गणेश प्रतिमा की सुरक्षा हेतु वॉलेंटियर कार्यक्रम सम्पन्न होने तक रखने, डीजे साउंड का उपयोग नियमानुसार अनुमति पश्चात ही निर्धारित डेसीबल में समय सीमा में करने, बारिश के मद्देनजर प्रतिमा के बचाव की व्यवस्था, गणेश पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने, पंडाल में फायर इग्विस्टर व रेत की बाल्टी रखने, गणेश पंडाल आम रोड में नही बनाने पार्किंग की व्यवस्था रखने, पंडाल हेतु बिजली कनेक्शन संबंधित विभाग से लेने एवं खुले बिजली तारो को टेपिंग करने, गणेश झांकी हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति लेने, गणेश पंडाल में कोई भी व्यक्ति नशा कर उपस्थित नही रहने, किसी भी प्रकार से धार्मिक भावना आहत न हो विशेष ध्यान रखने आदि दिशा निर्देश दिया गया। मीटिंग में नगर पालिका परिषद के सीएमओ प्रमोद शुक्ला, थाना प्रभारी खैरागढ़ निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे, आयश सिंह बोनी, संदीप सिंह ठाकुर सहित सभी गणेश समिति के पदाधिकारी/सदस्य एव पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# कर्मचारी अधिकार फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ द्वारा 11 सितंबर को निकाली जाएगी मशाल रैली

**रैली को सफल बनाने के पूर्व बैठक कर बनाई रणनीति**



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन डोंगरगढ़ द्वारा 11सितंबर को मशाल रैली निकाली जाएगी व मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम एसडीएम डोंगरगढ़ को भाजपा के घोषणा पत्र का पालन कराने हेतु ज्ञापन सौंपा जायेगा। चुनावी घोषणा पत्र को लागू करने को लेकर कर्मचारी फैडरेशन प्रदेश सरकार पर दबाव बना रहे हैं।

फेडरेशन की मांग है कि भाजपा के घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र के समान 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाय। भाजापा के घोषणा पत्र अनुसार प्रदेश के कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाय। केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता एवं डी.ए. की लंबित एरियर्स राशि जे पी एफ खाते में समायोजित किया जाए। भाजापा के घोषणा पत्र अनुसार म.प्र. सरकार की भांति प्रदेश के शासकीय सेवकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण 240 दिन के स्थान पर 300 दिन किया जाए। इसके अलावा शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य करना बंद किया जाए व संलग्निकरण आदेश एक ही स्कूल में अध्यापन के लिए हो।

इस बैठक में प्रमुख रूप से संयोजक भेलसिंह वर्मा, महामंत्री योगेश चौरे, डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर, मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, अमित वैष्णव, भीषम ठाकुर, प्रवीण ठाकुर, कृष्ण कुमार यादव, गोपीचंद दखने, चंद्रशेखर विजयवार, मनीष बडोले आदि उपस्थित थे ।

# शिक्षक अपना सर्वश्रेष्ठ ज्ञान देते रहें, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



छुरिया(दावा)। शिक्षक दिवस पर अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ब्लाक इकाई छुरिया द्वारा गोंडवाना भवन छुरिया में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित कर शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का स्मृति चिन्ह, पीला गमछा भेंटकर एवं पीला चांवल का टीका लगाकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के जिलाध्यक्ष लेखराम मात्रा थे। अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष खेलन सिंह ठाकुर ने किया। विशेष अतिथि अजजा के जिला कोषाध्यक्ष रोमसिंह मंडलोई, सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष पवन पंचारी, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के तहसील अध्यक्ष शेरसिंह गोंड़िया, कोयतुर गोंड़ समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर, झाड़राम ठाकुर, अलेन ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, देवा ठाकुर एवं देशराम कोर्राम रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ बूढ़ादेव के पूजा अर्चना के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का पीला चांवल से टीका लगाकर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लेखराम मात्रा ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी नहीं मिलने वाला है। सम्मान पाने के लिए परिस्थितियों से संघर्ष करना पड़ता है।

अध्यक्ष की आसंदी से खेलन सिंह ठाकुर ने कहा कि आदिवासी समाज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सम्मान करने का उद्देश्य आदिवासी विचारधारा से जोड़कर रखना है तथा अच्छा कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित करना है। दिनेश कुरेटी दिलेर ने कहा कि हमारे आदिवासी समाज में सम्मान मांगने की परम्परा नहीं है। हम अपने सामाजिक स्तर पर एवं शाला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों का सम्मान सम्मान कर रहें हैं ताकि भविष्य में भी इसी तरह अपनी उत्कृष्ट कार्य करतें रहे तथा दूसरों को भी अच्छे शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्य के लिए प्रेरित करते रहें।

सम्मान समारोह को शेरसिंह गोंड़िया, पवन पंचारी, देवा ठाकुर सहित समस्त सम्मानित शिक्षकों ने संबोधित किया। स्वागत भाषण खेलन सिंह ठाकुर, संचालन ईश्वर दास मंडावी एवं दिनेश कुरेटी दिलेर तथा आभार प्रदर्शन नाथूराम सूर्यवंशी ने किया।

सम्मानित होने वाले 12 शिक्षकों एवं कर्मचारियों में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक चेतन सिंह कोर्राम, शिक्षकगण सियाराम मंडावी, संजय कोर्राम, हीरालाल चन्द्रवंशी, मनोज रावटे, पदमा सेवता, बेला चन्द्रवंशी, तुलसा मंडावी, राकेश कुलेशिया, मूलचंद मंडावी, डॉ. तेजराम नाग एवं डॉक्टर रघुनाथ चन्द्रवंशी शामिल है।

इस अवसर पर ईश्वर दास मंडावी, नाथूराम सूर्यवंशी, राजेश नेताम, राजेश मंडावी, पवन मंडावी, गिरधारी सहारे, दुखहरण मंडावी, रघुराम चन्द्रवंशी, कलाराम फुलकुंवर, तिलक राम खांडे, प्रहलाद ठाकुर, अलेन ठाकुर, जीवराखन उइके आदि सहित अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ ब्लाक इकाई छुरिया के पदाधिकारी एवं सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भाषा संगम संस्कृत को अपनाने का प्रयास करने विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया



**भाषाई कौशल प्रदर्शन को बढ़ावा देने कराई गई प्रतियोगिता**

डोंगरगढ़(दावा)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया का परिवर्तन व छात्रों के भाषाई कौशल प्रदर्शन को बढ़ावा देने गत दिनों भाषा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृत भाषा पर आधारित संस्कृत प्रदर्शनी व अंग्रेजी भाषा से संबंधित पूर्णतः नवाचार से युक्त प्रतियोगिताओं जैसे स्पेल. बी टेंस नियमों का व्याख्यान इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य प्रकाश यादव थे। विशिष्ट अतिथि संस्कृत शिक्षक थे। जिन्होंने निर्णायक की भूमिका भी निभाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य वाय एस राव ने की।

विभिन्न भाषाओं के इस संगम कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के संस्कृत प्रतिरूप बनाया गया। छात्रों के विषय वस्तु का ज्ञान उद्बोधन परिश्रम इत्यादि को देखते हुए निर्णायकों के द्वारा प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय स्थान प्रदान किया। प्रथम स्थान पर युधिष्ठिर संवाद कक्षा दसवीं की छात्रा संचिता के नेतृत्व में किया गया। द्वितीय स्थान संस्कृत भाषा का महत्व सानिया सोनकर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। तृतीय स्थान छत्तीसगढ़ प्रदेश के विषय पर आधारित तानिया बाल्दे प्रदर्शनी प्रस्तुत किया गया।प्राचार्य यादव ने संस्कृत भाषा के महत्व और संस्कृत को समाहित करने का प्रयास करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया।

स्कूल के प्राचार्य श्री राव ने छात्रों को निरंतर आगे बढ़ने की सीख दी। स्पेल बी प्रतियोगिता में टेनिस साहू बना विजेता अंग्रेजी भाषा पर आधारित स्पेल बी प्रतियोगिता में 32 छात्रों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में हुई जिसमें हाईस्कूल स्तर पर सफल छात्रों में प्रथम टेनिस साहू, द्वितीय पूनम मंडावी, तृतीय वैशाली सेंगर रही। हायर सेकेण्डरी स्तर पर प्रथम जूही खान, द्वितीय अंतय सगड़े, तृतीय स्थान निशा साहू ने हासिल किया। प्रतियोगिता में पूजा भार्गव, गुरदीप कौर भाटिया, संजय हुमने निर्णायक रहे। कार्यक्रम का संचालन फरहा अंजुम ने किया। कार्यक्रम में डॉ. रुपेश श्रीवास्तव,डॉ. निरंजन ठाकुर, लतिका वर्मा, जागृति भूआर्य आदि मौजूद रहे।

# पहला कॉलम...

## चीन को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचा भारत

मुंबई। भारत ने एमएससीआई द्वारा उभरते बाजारों के लिए जारी निवेश योग्य बाजार सूचकांक में चीन को पछाड़ कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश ओवरऑल सूचकांक में भी चीन को पीछे छोड़ सकता है। एमएससीआई एक अमेरिकी वित्तीय कंपनी है जो यह सूचकांक जारी करती है। उभरते बाजारों की श्रेणी में 24 देशों को शामिल किया गया है और 3,355 बड़ी, मझौली तथा छोटी कंपनियों के आंकड़ों के आधार पर सूचकांक तैयार किया गया है। ये कंपनियां सभी 24 देशों में कुल फ्री फ्लोट-एडजस्टेड बाजार पूंजीकरण के लगभग 99 प्रतिशत को कवर करती हैं। वैश्विक ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने एक नोट में कहा कि सूचकांक भार में वृद्धि ज्यादा उत्साह का संकेत हो सकता है या फ्री-फ्लोट में सुधार और भारतीय कंपनियों की बढ़ती सापेक्ष आय जैसे मूलभूत कारकों के कारण हो सकती है। ब्रोकरेज ने कहा, भारत के मामले में बुनियादी कारक निश्चित रूप से लागू होते हैं और इस हद तक, उभरते बाजार क्षेत्र में भारत की नई स्थिति चिंताजनक नहीं है। साथ ही उसने कहा कि उभरते बाजार क्षेत्र में भारत उसकी शीर्ष प्राथमिकता बना हुआ है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में दूसरी पसंद है। नोट के अनुसार, बाजार में गिरावट के लिए कई संभावित ट्रिगर हैं, लेकिन वे भारतीय इक्विटी में तेजी पर ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। सूचकांक में भारत के प्रदर्शन के चरम पर पहुंचने से पहले कुछ और दूरी तय करनी पड़ सकती है।

## कैटरीना कैफ बनीं इस लीडिंग टेक ब्रांड की ब्रांड एम्बेसडर!

नई दिल्ली। कैटरीना कैफ ने प्रमुख टेक ब्रांडों में से एक के साथ पार्टनर किया है। एक्ट्रेस-एंटरप्रेन्योर ब्रांड के विभिन्न प्रोडक्ट्स के लिए ब्रांड एम्बेसडर के रूप में नज़र आएंगी, जिसमें स्मार्टफोन, टीवी, टैबलेट की एक बड़ी रेंज शामिल हैं। कैटरीना कैफ का इनोवेशन और स्टाइल उस उत्कृष्टता के साथ मेल खाता है, जो ब्रांड का मुख्य सार है और जो



एक्ट्रेस को इस पोजीशन के लिए एकदम परफेक्ट बनाता है। अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, कैटरीना कैफ ने साझा किया कि वह ऐसे समय में ब्रांड के साथ जुड़कर रोमांचित हैं, जब कम्पनी लोगों के जीवन में अद्भुत अनुभव लाने के एक दशक का जश्न मना रही है। अभिनेत्री ने आगे ङ्मद्बड्डश्वद्ब के इनोवेशन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ऐसे ब्रांड का हिस्सा बनना बहुत अच्छा लगता है, जो लगातार विकसित हो रहा है और इसकी प्रतिष्ठित विरासत में योगदान दे रहा है। कैटरीना कैफ एक एंटरप्रेन्योर के रूप में आगे बढ़ रही हैं। उनका कॉस्मेटिक ब्रांड 'के ब्यूटी', अपनी टैगलाइन - 'इट्स के टू बी यू' के साथ - भारत में सबसे तेजी से बढ़ते ब्रांडों में से एक के रूप में उभरा है। यह अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों पर भी अपनी छाप छोड़ रहा है। हाल ही में, ब्रांड ने यूएई मार्केट में कदम रखा, जहां उसे अपने कस्टमर बेस से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

## ब्रिटेन में लगे भूकंप के झटके

नई दिल्ली। भूकंप के झटकों से फिर धरती हिली है। जी हां, आज सुबह भारतीय समयानुसार करीब 6 बजे ब्रिटेन के न्यू साउथ वेल्स के हंटर क्षेत्र में एक बार फिर भूकंप आया है, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.5 मापी गई और इतनी तीव्रता वाले भूकंप से जानी नुकसान की खबर तो नहीं है, लेकिन माली नुकसान काफी हुआ है। भूकंप विज्ञान अनुसंधान केंद्र ने भूकंप आने की पुष्टि की और भूकंप का केंद्र धरती के नीचे 5 किलोमीटर की गहराई में बताया। इसी हफ्ते मसवेलब्रुक शहर में भी भूकंप के झटके लगे थे। वहीं आज सुबह लगे झटके इतने जोरदार थे कि लोगों में दहशत फैल गई है। वे अपने घरों से बाहर आ गए और सुरक्षित स्थानों पर उन्होंने पनाह ली। ब्रिटेन के भूकंप विज्ञान अनुसंधान केंद्र के अनुसार, आज सुबह आए भूकंप से मसवेलब्रुक, डेनमैन, जेरीज प्लेन्स, ब्यूरीन, बंगाल्ला में बिजली ठप हो गई। करीब 2500 लोग बेघर हो गए हैं। रेस्क्यू टीम मौके पर हैं और लगातार इलाके में गश्त कर रहे हैं। कई इलाकों में बिजली की लाइनें टूटकर गिर गई हैं। वरिष्ठ भूकंप विज्ञानी ट्रेवर एलन ने बताया कि भूकंप हंटर क्षेत्र के बाहर भी महसूस किया गया। भूकंप से नुकसान की 850 शिकायतें मिल चुकी हैं। वॉलोन्गॉन्ग, टैमवर्थ और गुलगोंग जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों में भी महसूस किया गया। लगभग 100 लोगों ने अपनी संपत्ति को किसी न किसी रूप में नुकसान पहुंचने की भी सूचना दी है। लोगों के घरों दरारें आ गईं हैं। उन्होंने दरवाजें और खिड़कियां हिलती देखीं।

# इंडिया-सी की जीत में चमके मानव सुथर इंडिया-डी को दी 4 विकेट से मात

नई दिल्ली। कप्तान श्रेयस अय्यर और देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक भी दलीप ट्रॉफी में इंडिया-डी को हार से नहीं बचा सके। मैच के तीसरे दिन शनिवार को इंडिया-सी ने इंडिया-डी को चार विकेट से हर दिया। जीत के लिए इंडिया-सी को 233 रनों का टारगेट मिला था जो उसने 61 ओवरों में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया।

अभिषेक पोरेल ने नाबाद 35 रन बनाते हुए टीम को जीत दिलाई। उनके साथ मानव सुथर 19 रन बनाकर नाबाद रहे। मानव ने इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी की और इंडिया-डी की दूसरी पारी में उसके सात बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। मानव ने 19.1 ओवरों में 49 रन देकर सात विकेट लिए। उनके अलावा विजय कुमार व्यस्क ने दो और अंशुल कम्बोज ने एक विकेट लिया।

इंडिया-सी को कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और साई सुदर्शन की जोड़ी ने दमदार शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। सुदर्शन 22 रन बनाकर आउट हो गए। उनके बाद आए अर्जुन जुयाल तीन रनों से



### श्रेयस-पडिक्कल के अर्धशतक फेल

अर्धशतक से चूक गए। अपनी 47 रनों की पारी में उन्होंने 74 गेंदों का सामना किया और तीन चौकों के अलावा एक छक्का मारा। उनसे पहले टीम ने कप्तान गायकवाड़ और रजत पाटीदार के विकेट खो दिए थे। गायकवाड़ भी अर्धशतक से चूक गए उन्होंने 48 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 46 रन बनाए। पाटीदार भी 77 गेंदों पर 44 रन बनाकर आउट हो गए।

इंडिया- डी ने इस मैच में पहल बल्लेबाजी की। पूरी टीम 164 रन ही बना सकी। इसके जवाब में इंडिया-सी भी बड़ा स्कोर हासिल नहीं कर सकी और 168 रनों पर ढेर हो गई। इंडिया-डी ने कप्तान अय्यर के 44 गेंदों पर 54 और पडिक्कल के 70 गेंदों पर 56 रनों की मदद से दूसरी पारी में 236 रन बनाए और इंडिया-सी को 233 रनों का टारगेट दिया जो उसने हासिल कर लिया।

# भारत की पहली यात्रा पर आएंगे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद, पीएम मोदी ने दिया था निमंत्रण

नई दिल्लीः संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान अगले हफ्ते भारत की 2 दिवसीय यात्रा पर आने वाले हैं। कुछ महीने पहले उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत आने का निमंत्रण दिया था। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने पीएम मोदी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। अब वह आगामी 9-10 सितंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा करेंगे।



अबू धाबी के युवराज के रूप में यह संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति की यह पहली भारत यात्रा होगी। उनके साथ यूएई सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आ रहा है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार 9 सितंबर को अबू धाबी के राष्ट्रपति क्राउन प्रिंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के बाद उनका भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करने का भी कार्यक्रम है।

### महात्मा गांधी को देंगे श्रद्धांजलि

संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू से मिलेंगे। वह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट भी जाएंगे। 10 सितंबर को, महामहिम एक बिजनेस फोरम में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे, जिसमें दोनों देशों के बिजनेस लीडर भाग लेंगे।

# पेरिस पैरालंपिक: होकाटो होतोजे ने जीता मेडल, पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली। पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांस्य पदक जीतने पर होकाटो होतोजे सेमा को बधाई दी और खेल के प्रति उनके दृढ़ संकल्प की सराहना की।

होकाटो ने शनिवार को पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा के फाइनल में 14.65 मीटर की थ्रो के साथ भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स अकाउंट पर पैरालंपियन की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे देश के लिए गर्व का क्षण बताया। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, हमारे देश के लिए यह गर्व का क्षण है। होकाटो ने पुरुषों की शॉटपुट एफ57 में कांस्य पदक जीता है! उनकी अविश्वसनीय ताकत और दृढ़ संकल्प असाधारण है। उन्हें बधाई। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।गृह मंत्री अमित शाह ने



भी पैरालंपियन की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।गृह मंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, होकाटो सेमा ने पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आपके अटूट प्रयास और शानदार प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया है।

इस इवेंट में ईरान के याशिन खोसरावी ने 15.96 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि ब्राजील के थियागो पॉलिनो डॉस सैंटोस ने 15.06 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। भारत की कुल पदक तालिका अब 27 हो गई है, जिसमें 6 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि पैरालंपिक में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दर्शाती है, जिसने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में जीते गए पांच स्वर्ण पदकों को पीछे छोड़ दिया है।

# भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे से समुद्री सुरक्षा, व्यापार बढ़ेंगे : गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत- मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया)- यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुये कहा कि यह परियोजना भारत की समुद्री सुरक्षा और यूरोप तथा एशिया के बीच व्यापारिक माल की त्वरित आवाजाही में योगदान दे सकती है। गोयल ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित भारत-भूमध्यसागरीय व्यापार सम्मेलन-2024 को संबोधित कर रहे थे।



उल्लेखनीय है कि आईएमईसी की शुरुआत गत सितंबर में भारत की मेजबानी में नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 अध्यक्षता के दौरान की गयी थी। इसके अंतर्गत भारत से संयुक्त अरब अमरीता, सऊदी अरब, जॉर्डन और इजरायल होते हुये यूरोपीय संघ तक के मार्ग में औद्योगिक, व्यापारिक और लॉजिस्टक्स गतिविधियों को समन्वित कर व्यापार-उद्योग तथा रोजगार एवं आय-संवर्धन को प्रोत्साहित करना है। गोयल ने कहा कि इस गलियारे से जुड़े देशों के बीच अच्छे सहयोग से ही परस्पर व्यापार में लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी तथा सामानों का सुरक्षित और तीव्र गति से आवागमन संभव हो सकेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन ( पीएलआई) की योजना, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और आर्थिक साझेदारी जैसी केंद्र की पहलों से देश में व्यापार करने में सुगमता (ईओडीबी) बढ़ी है तथा देश का विनिर्माण क्षेत्र तेजी से विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने के लिये भारत के प्रयास भारत और भूमध्यसागरीय देशों के बीच पहलों का समर्थन कर सकते हैं। गोयल ने सुझाव दिया कि सरकार को भूमध्यसागरीय देशों और भारत के बीच पर्यटन पर एक कार्य समूह बनाना चाहिये, क्योंकि दोनों देशों के बीच सहयोग और पारस्परिक लाभ की बहुत संभावना है।

# इस साल क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे मार्क वुड

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि तेज गेंदबाज मार्क वुड दाएं कोहनी की चोट के कारण शेष वर्ष के लिए बाहर हो गए हैं। वुड श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हुए थे और सीरीज के दूसरे और तीसरे टेस्ट बाहर थे।

मेडिकल स्कैन से पता चला है कि वुड की दाहिनी कोहनी में चोट है। ईसीबी ने कहा कि गर्मियों की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान मार्क वुड को अपनी कोहनी में अकड़न और तकलीफ महसूस हुई थी। वुड ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी के दौरान परेशानी का सामना किया था। ईसीबी ने कहा, उस टेस्ट मैच के दौरान वुड को दाहिनी जांघ में भी चोट लगी थी, जिसका इलाज किया जा रहा है और वह इससे अच्छी तरह से उबर रहे हैं।



बयान में बताया गया कि वुड अपने रिहैब पर ईसीबी मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

वह अक्टूबर में पाकिस्तान और दिसंबर में न्यूजीलैंड के आगामी टेस्ट दौरे का भी हिस्सा नहीं होंगे। वुड इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड की मेडिकल टीम के साथ जुड़े रहेंगे और उनकी पूरी कोशिश होगी कि वह अगले साल की शुरुआत में भारत के सीमित ओवरों के दौरे से पहले फिट हो जाएं। क्योंकि इस दौरे के ठीक बाद चैंपियंस ट्रॉफी का भी आयोजन होना है।

हालांकि, आत्मविश्वास से लबरेज वुड को जल्द मैदान पर लौटने की पूरी उम्मीद है। वुड ने कहा कि उन्हें अगले साल की शुरुआत में फिर से मैदान पर उतरने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, मैं साल के बाकी समय में आराम करने और खुद को तैयार करने के लिए समय नहीं निकाल पाऊंगा। मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं 2025 की शुरुआत में वापस आकर मैदान पर उतरूंगा। मैं पहले भी इस तरह की चुनौती का सामना कर चुका हूं।

## चीन में यागी तूफान से 2 लोगों की मौत के बाद 4 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित

बीजिंगः चीन में यागी तूफान ने 2 लोगों की जान लेने के बाद और अधिक विकराल रूप धारण कर लिया है। चीन के प्राधिकरण ने यागी के चलते 4 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर विस्थापित कराया है। बताया जा रहा है कि च्यागीज् के दक्षिण चीन के द्वीपीय प्रांत हैनान तट पर भारी बारिश और तेज हवाओं के साथ टकराने के कारण 2 लोगों की मौत हो जाने और करीब 100 लोगों के घायल होने के बाद दोबारा लोगों को अलर्ट जारी किया गया है।

बता दें कि यागी, इस साल का 11वां तूफान (टाइफून) है जो शुक्रवार को चीन के समुद्र तट से टकराया। इसने पहले हैनान में दस्तक दी और फिर गुआंगडोंग प्रांत पहुंचा। चीन ने शुक्रवार को च्रेड अलर्टज् जारी किया और दक्षिणी क्षेत्र में बाढ़ की चेतावनी दी है, क्योंकि यागी तूफान सबसे पहले हैनान में पहुंचा, उसके बाद दक्षिणी गुआंगडोंग प्रांत में पहुंचा और इसके चीन के गुआंग्शी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र तथा उत्तरी वियतनाम तक पहुंचने की आशंका है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 683.98 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई । देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार तीसरे सप्ताह जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। इन तीन सप्ताह में यह लगभग 14 अरब डॉलर बढ़ चुका है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, गत 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 683.987 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह अब तक का ऐतिहासिक उच्चतम स्तर है।

इससे पहले 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.546 अरब डॉलर और 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 7.023 अरब डॉलर बढ़ा था। इस प्रकार तीन सप्ताह में इसमें 13.868 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई है। आरबीआई ने बताया कि 30 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स 1.485 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 599.037 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस दौरान, स्वर्ण भंडार 86.2 अरब डॉलर बढ़कर 61.859 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 90 लाख डॉलर की वृद्धि के साथ 18.468 अरब डॉलर पर रहा। जबकि, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 5.8 करोड़ घटकर 4.622 अरब डॉलर रह गई। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद भारत चौथे स्थान पर है। पिछले कुछ साल से भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ़ रहा है। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार होने से देश संकट के समय के लिए ज्यादा निश्चिंत रहता है। साथ ही इससे रुपये में आने वाले किसी भी तेज गिरावट को नियंत्रित करने के लिए आरबीआई के पास बाजार में हस्तक्षेप के ज्यादा विकल्प होते हैं।

*शिक्षक की भूमिका है भविष्य...*

बड़ी संख्या में बच्चों को शास्त्रीय और लोक नृत्य का प्रशिक्षण देने के अपने कार्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिव तांडव स्तोत्र पर उन्होंने दो-दो, तीन-तीन सौ बच्चों की टोली के साथ प्रस्तुतियां करायी हैं। हरियाणा के शिक्षा विभाग के अंग्रेजी के प्रवक्ता डॉ. अविनाशा शर्मा ने वंचित वर्ग के बच्चों को अंग्रेजी का पाठ पढ़ाने-समझाने की 'प्रयोगशाला' के विषय में बताया।

*मणिपुर के जिरीबाम में हिंसा..*

इंफाल में सुबह से सभी दुकानें बंद हैं। सड़कें और बाजार सुनसान पड़े हैं। 7 दिनों में हिंसा की चौथी घटना, 1 सितंबर से अब तक 8 की मौत- मणिपुर में 1 सितंबर से अब तक 7 दिनों के भीतर हिंसा की 4 बड़ी घटनाएं हुई हैं। 7 सितंबर की घटना को छोड़ दें तो अन्य तीन घटनाओं में 3 लोगों की मौत और 12 घायल हुए हैं।

0 करीब एक साल से जारी हिंसा में पहली बार ड्रोन से हमला- मणिपुर में मई 2023 से हिंसा जारी है। हालांकि, इस साल सितंबर में पहली बार ड्रोन हमला देखने को मिला। इंफाल वेस्ट जिले के कोत्रुक गांव में 1 सितंबर को उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और कडांगबांड घाटी के निचले इलाकों में फायरिंग की और ड्रोन से हमला किया। इसमें 2 लोगों की मौत और 9 घायल हुए।

*भारत जोड़ो यात्रा ने हमें हिम्मत दी...*

सुरक्षित रखने का संकल्प और मज़बूत होना चाहिए। नफ़रत और विभाजन के एजेंडे को हम कामयाब नहीं होने देंगे। मोहब्बत और इंसानियत की जीत निश्चित है। कांग्रेस पार्टी थमेगी नहीं, रुकेगी नहीं। भारत माता की आवाज़, हमारी आवाज़ है। भारत जोड़ो यात्रा शुरु करने वाले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस यात्रा को याद करते हुए कहा, भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन का सौंदर्य सिखाया। जयकार करती भीड़ और नारों के बीच, मुझे शोर में शांत रहने और बगल वाले व्यक्ति पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की शक्ति का एहसास हुआ। उस यात्रा के 145 दिनों में और उसके बाद के दो वर्षों में मैंने विविध पृष्ठभूमि के हजारों भारतीयों को सुना और उनकी हर बात मेरे लिए ज्ञान लेकर आई, मुझे नया सीखने को मिला। यात्रा ने साबित कर दिया कि भारतीय स्वाभाविक रूप से प्यार करने वाले लोग हैं। जब मैंने यह यात्रा शुरु की तो मैंने कहा था कि प्रेम नफरत पर विजय प्राप्त करेगा और

## प्रथम पेज का शेष

आशा भय पर विजय प्राप्त करेगी, आज हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्रेम की आवाज देश के हर कोने में सुनाई दे।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, दो साल पहले आज ही के दिन भारत जोड़ो यात्रा शुरु हुई थी- अनेकता में एकता के रंग लिए करोड़ों भारतवासियों की तकलीफ की आवाज सुनने के लिए, आर्थिक अन्याय के विरुद्ध जागरूकता के लिए, नफरत के विरुद्ध प्रेम का संदेश देने के लिए, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देने के लिए, 140 करोड़ हिंदुस्तानियों को जोड़ने के लिए, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने के लिए, देशवासियों को ये यकीन दिलाने के लिए कि फूट डालो राज करो का ये दूसरा दौर भी चला जाएगा और हमारी एकजुटता, समरसता और सौहार्द ही हमें मजबूत बनाएगा। भारत जोड़ो यात्रा राहुल गांधी जी का एक मिशन है देश को जोड़ने का - जो आज भी जारी है।

*जम्मू-कश्मीर में एक झंडा*

ताकि आतंकवाद, अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर की फिर से शुरुआत न हो सके। उन्होंने जोर दिया कि नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर में कभी सरकार नहीं बना सकते। उन्होंने गुज्जर-बकरवाल और दलित आरक्षण पर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को चुनौती देते हुए कहा कि कोई भी शक्ति इस आरक्षण को छू नहीं सकती। जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार के गठन में जम्मू के लोग प्रमुख हितधारक होंगे।

*भारत ने रिहा किए 14 पाकिस्तानी....*

बॉर्डर के दूसरी ओर पहले से ही कैदियों के परिवार के सदस्य मौजूद थे। जिन 14 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा किया गया है, उनमें से 8 गुजरात जेल से रिहा किए गए। बाकी बचे 6 कैदी पंजाब की अमृतसर जेल से रिहा हुए हैं। हेरोइन और पिस्टल बरामद होने पर किया गया था गिरफ्तार- भारत सरकार की ओर से छोड़े गए 14 पाकिस्तानी कैदियों में से 4 कैदियों को 15 साल पहले हेरोइन और पिस्टल बरामद होने के बाद गिरफ्तार किया गया था। हेरोइन और पिस्टल बरामद होने के कारण इन कैदियों को 15 साल की जेल की स?ा हुई थी। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर प्रोटोकॉल अधिकारी के अनुसार कैदियों में मछुआरे और सिविल कैदी भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 14 में से 8 सिविल हैं और 6 मछुआरे हैं। इनमें से दो नाबालिग भी हैं।

*बिना एस्ट्रोनॉट्स धरती पर लौटा...*

यात्रियों की वापसी हो सकती है। बोइंग स्टारलाइनर के इस मिशन को कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यान की पहली लॉन्चिंग मई और जून में असफल रही थी। रॉकेट के दूसरे हिस्से में वाल्व की समस्या और कंप्यूटर गड़बड़ी के कारण मिशन रुक गया था। इसके अलावा हीलियम लीक और थ्रस्टर फेलियर की समस्या भी सामने आई। इन तकनीकी खामियों की वजह से मिशन की समयसीमा कई बार बढ़ानी पड़ी। इसकी वजह से दुनिया भर में सुनीता विलियम्स और उनके साथ एस्ट्रोनॉट की सेहत और सुरक्षा को लेकर चिंताएं जाहिर की जाने लगी। 0 आठ दिन का मिशन बना तीन महीने का सफर- यह मिशन सिर्फ आठ दिनों के लिए था, लेकिन तकनीकी समस्याओं के चलते इसे तीन महीने तक बढ़ाना पड़ा। नासा के अधिकारियों ने साफ किया कि मिशन के दौरान किसी भी एस्ट्रोनाट को कोई खतरा नहीं था। नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के मैनेजर स्टीव स्टिच ने कहा, 'हम तब तक वापस नहीं लौटेंगे जब तक हम पूरी तरह तैयार नहीं होंगे।' 0 अंतरिक्ष की दुनिया में नई शुरुआत-बोइंग स्टारलाइनर की इस सफल वापसी ने नासा और बोइंग के लिए नई उम्मीदें जगाई हैं। जब से नासा के स्पेस शटल रिटायर हुए हैं, नासा ने बोइंग और स्पेसएक्स को अपनी ऑर्बिटल टैक्सी सर्विस के लिए चुना। आसान शब्दों में कहें तो पृथ्वी के सबसे करीबी में ऑर्बिट में पहुंचाने की सर्विस के लिए प्राइवे स्पेसक्राफ्ट्स का इस्तेमाल शुरू किया है। बोइंग को अपने पहले टेस्ट मिशन में कई समस्याओं का सामना करना पड़ा था।

*तूफान का कहर : चीन में ...*

लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही इस तूफान में 92 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि यागी, इस साल का 11वां तूफान है। ये शुक्रवार को चीन के समुद्र तट से टकराया था। यागी ने इसके पहले हैनान में दस्तक दी थी। फिलहाल ये गुआंगडोंग प्रांत तक पहुंच चुका है।

100 से अधिक उड़ानें रद्द- यागी तूफान की तबाही के कारण चीन में सभी स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिए गया है। इसके साथ ही वहां स्कूल और कॉलेजों को भी बंद कर दिया गया है। लोगों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखा है। चीन में आए इस तूफान के कारण शुक्रवार को 100 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। तूफान की गति इतनी तेज है कि सोशल मीडिया पर चर रहे वीडियो में दिख रहा है कि हवा में नारियल के पेड़ टूटकर गिर रहे हैं।

## नवदीप ने भाला फेंक में निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से जीता रजत

पेरिस। भारत के पैरा भाला फेंक एथलीट नवदीप ने पुरुष भाला फेंक एफ41 स्पर्धा में निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक अपने नाम किया। नवदीप ने अपने तीसरे प्रयास में 47.32 मीटर का थ्रो किया जो उनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। भारत अब तक इस पैरालंपिक में छह स्वर्ण, 10 रजत और 13 कांस्य पदक समेत 29 पदक जीत चुका है।

### थोड़े अंतर से स्वर्ण से चूके नवदीप

भारत पैरालंपिक के इतिहास में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुका है। उसने टोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित कुल 19 पदक जीते थे। नवदीप ने फाउल के साथ शुरुआत की और फिर दूसरे प्रयास में 46.39 मीटर का थ्रो किया। तीसरे प्रयास में हालांकि, वह सभी से आगे निकलने में सफल रहे और उन्होंने पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ा। लेकिन पांचवें प्रयास में ईरान के बेइत सायाह सादेग ने 47.64 मीटर का थ्रो किया और नया पैरालंपिक रिकॉर्ड बनाकर नवदीप से आगे निकल गए।

### अंत तक सादेग से आगे नहीं निकल सके नवदीप

चौथे प्रयास में फाउल किया, जबकि पांचवें प्रयास में 46.05 मीटर का थ्रो किया। इसके बाद अंतिम और छठे प्रयास में फाउल कर बैठे और सादेग से आगे नहीं निकल सके। इस तरह सादेग ने पैरालंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि इस स्पर्धा का कांस्य पदक चीन के सुन पेंगजियांग ने जीता। पेंगजियांग 44.72 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

# श्रीरामचरितमानस लोगों को आपस में जोड़ती है : मोहन मंडावी

**राजनांदगांव (दावा)। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान विकासखण्ड डोंगरगांव व जिला राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जी जन्मोत्सव मोक्षधाम सांकरदाहरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। द्वितीय दिवस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मोहन मांडवी पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रांतअध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान रहे। उन्होंने संसद भवन में गए हुए राम भजन लोकगीत 'आबे हो मोरे राजा राम' को सुना कर उपस्थित श्रोता समुदाय के हृदय में अमित छाप छोड़ा।**



दो दिवसीय गोस्वामी तुलसीदास जी जन्मोत्सव संपन्न

वरिष्ठ साहित्यकार व कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश देशमुख जी ने कहा कि एक गंगा हिमालय से निकली है किंतु यह तुलसी मानस प्रतिष्ठान रूपी गंगा झलमला की गंगा मैया से बहती आ रही है दोनो ही पापियों को तारने वाली है। आकाशवाणी के कलाकार साहित्यकार व वरिष्ठ गीतकार सीताराम श्याम जी द्वारा अपनी रचना 'बूझो बूझो गोरखनाथ अमृत बानी' की प्रस्तुति ने जन मानस को ओत प्रोत कर दिया।

उन्होंने राम मंदिर निर्माण विवाद में सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामभद्राचार्य जी द्वारा दिए गए मंदिर तोड़े जाने के विषय में अपनी बाते रखे। प्रतिष्ठान के वरिष्ठ मोहन लाल यादव जी ने कहा कि निर्गुण सगुण में भेद कोई अज्ञानी ही कर सकता है ज्ञानी लोगो के लिए तो सब एक ही है।

बस्तर से पधारे राष्ट्रीय मंचो के संचालक हृदय राम शोरी ने 'आया माचो दंतेश्वरी' गीत के साथ बस्तर की महक को बिखेरने का सफल प्रयास किया वहीं नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हुई बस्तर से समाजसेवी दिप्ती पांडेय जी ने कहा कि धार्मिक जुड़ाव के साथ साथ बच्चों की शिक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, उन्होंने आश्वासन दिया कि जिस बच्ची की पढ़ाई में पैसा बाधा बन रही है हम उनका सहयोग करेंगे। मानस प्रस्तुतिकरण में हरि दर्शन मानस परिवार बरसनटोला, श्री राम भजन मानस मंडली पेंडरवानी, मानस मंडली झेंझारी, बसंत मानस मंडली घुपसाल, सत्संग के गंगा मानस परिवार रेवाडीह व प्रवचन सतानंद दुबे जी द्वारा किया गया। समस्त आयोजन में सांकरदाहरा समिती, श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान विकासखण्ड डोंगरगांव व जिला इकाई राजनांदगांव के समस्त पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# रेंगाडबरी हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शिक्षकों का किया सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल रेंगाडबरी के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों का सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किए।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के एडवाइजर दिगम्बर शांडिल्य उपस्थित होकर शिक्षकों का सम्मान किया। सर्वप्रथम प्राचार्य एम. के. कार्ते और शाला के शिक्षकों ने पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल चित्र का पूजा अर्चना व माल्यार्पण किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी और समाज,देश के लिए उनके योगदान को रेखांकित किया गया। प्राचार्य व अन्य शिक्षकों ने शिक्षक दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किए। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस एडवाइजर दिगम्बर शांडिल्य ने प्रासंगिक प्रश्नोत्तरी से बच्चों से सवाल किया और सही उत्तर देने वालों को पुरस्कृत किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मना शिक्षक दिवस

**डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय डोंगरगढ़ में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मनोज मरकाम अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़, आशीष कुंजाम पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, डी सी ऐडे योगगुरु, हेमंत साहू सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक, कन्हार गांव सुनील जैन अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति, प्रकाश चौरडिया, अविनाश ब्राह्मण श्रीमती वैशाली देशकर पूर्व प्रधानाचार्य, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद, मनीष सोनी पूर्व छात्र संघ विभाग संयोजक आदि मंच पर उपस्थित रहे।**



उपस्थित अतिथियों के द्वारा पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ विद्यालय के भैया बहनों ने शिक्षक दिवस से संबंधित गीत कहानी कविता भाषण आदि प्रस्तुत किया, अपने उद्बोधन में हेमंत साहू जी ने शिक्षक दिवस की सबको बधाई दिए एवं शिशु मंदिर की प्रशंसा की डीसी ऐडे ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास शिक्षक ही कर सकता है मनोज मरकाम ने माता को जीवन का प्रथम गुरु बताया एवं शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहा। आशीष कुंजाम ने डॉ. राधाकृष्णन को महान शिक्षाविद् एवं दार्शनिक कहा,विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव ने शिक्षक दिवस का महत्व समझाया एवं सदैव शिक्षकों का सम्मान करने की बात कही।

कार्यक्रम का आभार सुनील जैन ने किया कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य शैलेश साहू ने किया एवं उपस्थित अतिथियों को श्री फल एवं साल द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही साथ सभी आचार्य और दीदियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे विद्यालय परिवार का सहयोग रहा वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा,अमित शुक्ला, विशेष साहू , प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले , डीगेश साहू,गणेश वर्मा, श्रीमती कीर्ति दफेदार,एस राव,स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि मौजूद रहे।

# ग्राम बकरकट्टा में चला पोषण माह के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम

खैरागढ़ (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में 01 जनवरी से 30 सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में खैरागढ़ जिले के परियोजना छुईखदान के बकरकट्टा सेक्टर में परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे और सेक्टर सुपरवाइजर प्रेमलता ध्रुव के मार्गदर्शन में पोषण माह के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पौष्टिक व्यंजनों और हरी पत्तेदार सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई एवं इसके लाभ के बारे जानकारी दी गई एवं पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु आवश्यक जानकारी दी गई।



स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को एनीमिया के बारे में बताया गया है, कि सामान्य एनीमिया शरीर में आयरन की कमी से होता है, इसके लिए नियमित रूप से जांच कराना आवश्यक है एवं आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थो के सेवन हेतु जानकारी दी गई।। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला बाल विकास विभाग से सामान्य कर लगातार विशेष एनीमिया कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

परियोजना अधिकारी सुनील बंजारे ने बताया की पूरे परियोजना में पोषण माह के अंतर्गत थीम अनुसार लगातार कार्यकम आयोजन किया जा रहा है, इसी प्रकार 12 से 23 सितंबर तक वजन त्यौहार का भी आयोजन किया जाएगा, इसमें सभी बच्चो का वजन लिया जाएगा जिससे क्षेत्र में कुपोषण की वास्तविक स्तिथि पता चलेगी और शासन द्वारा उसके अनुसार योजना बनाकर कार्य किया जाएगा।

# फसल कीट एवं रोग प्रबंधन विषय पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव द्वारा खैरागढ़ विकासखंड के आदर्श तिलहन ग्राम मदराकुही में सोयाबीन फसल कीट एवं रोग प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुदराकुही में आयोजित किया गया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा नें किसानों को खरीफ फसल में आने वाली प्रमुख समस्याओं के विषय में जानकारी दी। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता ने सोयाबीन की खड़ी फसल के प्रमुख कीट एवं उनके नियंत्रण की जानकारी दी।

# शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉक्टर आर के ठाकुर के दिशा निर्देशन शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान शिक्षाविद् भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण के साथ हुआ। छात्रों द्वारा शिक्षक गणों का तिलक लगाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।**



नम्रता साहू बीए प्रथम वर्ष द्वारा मोहक स्वागत गीत गायन की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय के विद्यार्थी पूजा देवांगन, लता बी एस सी तृतीय वर्ष, हेमप्रकाश बी एस सी द्वितीय वर्ष, तथा अन्य छात्र छात्राओं के द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने गुरुओं के प्रति विचार प्रस्तुत किए। डॉक्टर श्रीमती हेमलता गायकवाड़ द्वारा शिक्षक दिवस की शुभकानाएं देते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उद्बोधन की कड़ी में प्राध्यापक मनोहर बोकड़े द्वारा पथ प्रदर्शक बताते हुवे गुरु को अपना आदर्श मानकर चलने से निश्चय ही मंजिल की प्राप्ति होने की सीख दी।

राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना प्रभारी प्राध्यापक श्री बी आर चंद्रवंशी द्वारा कड़ी मेहनत कर जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल करने की बात कह कर छात्रों का मनोबल बढ़ाया। संस्था प्रमुख डॉक्टर आर के ठाकुर द्वारा प्राचीन गुरुकुल शिक्षण प्रणाली में गुरु एवम शिष्य के द्वारा एक साथ रहकर विद्या अर्जन किया जाता था तथा शिक्षाप्रद उदाहरणों द्वारा महाविद्यालय छात्र छात्राओं को संबोधित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों को श्रीफल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस तरह से छात्र छात्राओं द्वारा गुरुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डेकेश्वर तथा आभार प्रदर्शन हितेश ने किया। शिक्षक दिवस में श्री अरुण कुमार साहू, सुश्री सोनल नागवंशी, श्रीमती रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, सुश्री कविता यदु, कामिनी वर्मा, प्रीति साहू, रूपेश बांसोड़, हेमंत कंवर, रामधीराज साहू, महाविद्यालय के कर्मचारी तथा समस्त महाविद्यालीन छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# जल जीवन मिशन से पूरे गांव के घरों को मिल रहा शुद्ध पेयजल


राजनांदगांव (दावा)। गांवों में महिलाओं को पेयजल की परेशानी ना हो, उन्हें कुंओं तथा हैण्डपम्पों से पानी ना लाना पड़े, पानी के लिए लंबी-लंबी लाईनों से बचाने, बारिश के मौसम में पेयजल की समस्याओं का सामना ना करना पड़े, इसके लिए राज्य शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य शासन ने राज्य के सभी गांवों में हर घर साफ और सुरक्षित पानी पहुंचाने का संकल्प लिया है।



इसी कड़ी में जल जीवन मिशन के तहत जिले के ग्राम बागतराई में डिस्ट्रीब्यूशन 240 मीटर एवं राइजिंग मेन 4600 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर गांव के 242 परिवारों को घर में नल कनेक्शन से साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है।

जिले के ग्राम बागतराई निवासी श्रीमती रश्मि राजपूत ने बताया कि अब उनके घर के साथ ही गांव के सभी घरों में जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से टेप नल कनेक्शन नल से पानी मिल रहा है। श्रीमती रश्मि ने बताया कि उनके विवाह को 11 वर्ष हो चुका है। उन्होंने कहा कि यह नहीं सोचा था कि कभी उनके घर में भी नल का पानी आएगा, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अब उनके घर के साथ पूरे गांव में नल से पानी की आपूर्ति होने लगी है। लेकिन आज यह हकीकत बन चुकी है। श्रीमती रश्मि ने बताया कि पूर्व में कुएं, हैंडपंप और तालाब से पानी भरना पड़ता था जिसमें अतिरिक्त मेहनत के साथ ही काफी समय व्यय होता था। पानी की शुद्धता भी बहुत अच्छी नहीं रहती थी। राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत घर-घर टेप नल कनेक्शन से जल पहुंचाने की पहल से हमारे तथा हमारे परिवार की समस्याओं का निदान हो गया है। निर्धारित समय पर नल से पानी आ जाता है। श्रीमती रश्मि ने कहा कि वे इस व्यवस्था से निश्चित रूप से अपनी दैनिक दिनचर्या को अच्छे से कर पा रही हैं और आज सुरक्षित एवं गौरवान्वित महसूस कर रही है।

# प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने गणेशजी पेटिंग निर्माण किया



भिलाई(दावा)। गणेश चतुर्थी पर प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने मनोहारी पेन्टिंग का निर्माण किया है। जिसमें उन्होंने छुपकर लड्डू खा रहे मूषक का वर्णन किया है। भगवान गणेश उसे लड्डू खाते हुए देख लेते हैं फिर भी अंजान बन जाते हैं ताकि वह निश्छल भाव से उसका रसास्वादन कर सके। चित्रकार ने इसका भावार्थ बताते हुए कहा है कि हमें भी समस्त प्राणियों के प्रति दया का भाव रखना चाहिए और उनके भोजन के लिए भी व्यवस्था करनी चाहिए। बेजुबान जानवरों की दुआएं बड़े काम की होती है।

# कलेक्टर ने वजन त्यौहार आयोजन के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वजन त्यौहार 2024 के संबंध में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि जिले में बच्चों के पोषण स्तर के आंकलन के लिए 12 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के सुपोषण के लिए उनके वजन की जानकारी होना जरूरी है।



जिले में बच्चों के पोषण स्तर के आंकलन के लिए 12 सितम्बर से 23 सितम्बर तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार

बच्चों को पौष्टिक आहार देते हुए उनके विकास की मॉनिटरिंग करना है। सामुदायिक सहभागिता से सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता है। कलेक्टर ने रोस्टर बनाकर गांव-गांव में वजन त्यौहार का आयोजन करने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी गांवों में मुनादी कराने कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार के आयोजन की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन मशीनों की उपलब्ध सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में आयोजित वजन त्यौहार में सभी संबंधित विभागों को समन्वित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर ने बताया कि वजन त्यौहार में प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों की सही पोषण स्थिति से अवगत कराते हुए प्रत्येक गांव में कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाया जाएगा। कुपोषण की सही स्थिति को जानकर प्रत्येक बच्चे की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज कर राज्य में कुपोषित बच्चों की स्थिति का डाटाबेस तैयार किया जाएगा। राज्य के प्रत्येक केन्द्र, ग्राम पंचायत, विकासखंड में कुपोषण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कुपोषण कम करने की कार्ययोजना तैयार किया जाएगा। क्षेत्र विशेष, वर्ग विशेष में कुपोषण की पहचान करना जिससे यह भी स्पष्ट हो सके कि किन स्थानों पर और किन कारणों से कुपोषण अधिक है ताकि उनके लिए विशिष्ट कार्ययोजना बनाई जा सके। कुपोषण की रोकथाम के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेसलाईन सर्वे एवं लक्षित बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कस्तूरबा में शिक्षक दिवस पर लोककला/साहित्य गुरु के रूप में सम्मानित हुए कोशा

राजनांदगांव(दावा)। कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा भारत के राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा स्कूल के बच्चों में मूर्ति बनाओ व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा कला/ साहित्य व शिक्षा जगत से जुड़े मूर्धन्यों का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम में समाजसेवी महिलाओं ने कला/ साहित्य गुरु के रुप में वरिष्ठ लोक कला धर्मी व कवि/ साहित्यकार-आत्माराम कोशा 'अमात्य' व सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती ऊषा मिश्रा व कस्तूरबा विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता का भावभीना सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुषमा सिंह व कस्तुरबा महिला मंडल की संरक्षिका अधिवक्ता श्रीमती शारदा तिवारी, अध्यक्ष -श्रीमती अलका जानी व सचिव -श्रीमती साधना तिवारी द्वारा श्री कोशा को कला/साहित्य गुरू के रूप में शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज सेवी महिलाओं ने श्री कोशा की धर्मपत्नी के लिए साड़ी उपहार में भेट की। श्री कोशा के सम्मान अवसर पर मुख्य अतिथि राजपूत महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा-पुरूष दाऊ मदराजी के साथ रह कर वाद्य वादन करने वाले तथा सुप्रसिद्ध लोक सांस्कृतिक संस्था चंदैनी- गोंदा, चोर चरण दास पार्टी में अपनी वादन दक्षता का परिचय देने वाले सुप्रसिद्ध लोक कला धर्मी व कवि साहित्यकार आत्माराम कोशा 'अमात्य' का शिक्षक दिवस पर सम्मान करते हुए हमें हर्ष हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कस्तुरबा महिला मंडल की संरक्षिका (अधिवक्ता) श्रीमती शारदा तिवारी ने शिक्षक दिवस की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोशा लोक कला साहित्य जगत से संबंधित तो है ही लेकिन पत्रकारिता के जगत में अपनी सौजन्यता से विशेष स्थान बनाए हुए है। वे सदा कला/साहित्य से सम्बंधित आयोजन करने के अलावा समाज सेवी महिलाओं के रचनात्मक योगदानों को बखूबी रेखांकित करने में सजग रहते है। उन्होंने कहा कि लोक कला एवं साहित्य धर्मी श्री कोशा नगर के गौरव है। शिक्षक दिवस पर उनका सम्मान करते हुए हमें हर्ष होने के साथ-साथ गर्व का भी अनुभव हो रहा है। इसी तरह कस्तुरबा मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अलका जानी व सचिव साधना तिवारी ने श्री कोशा के सम्बंध में आप्त वचन कहे।



शिक्षक दिवस पर स्कूल के बच्चों में गणेश मूर्ति बनाओ प्रतियोगिता रही आयोजित समाजसेवी महिलाओं ने किया शिक्षक/गुरुओं का सम्मान

## रत्न गर्भा धरती

शिक्षक दिवस पर समाज सेवी महिलाओं द्वारा अपने सम्मान से अभिभूत हुए कोशा ने उपस्थित सभी समाज सेवी महिलाओं से कहा कि यहां की नारियां, मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम जैसे बेटा पैदा करके दुनिया को दिखा दिया कि यहां की माटी व माताएं रत्न गर्भा है। भगवान श्री राम को जन्म देने वाली प्रातः स्मरणीय नारी मां कौशल्या इसी धरती की बेटी है। इसलिए यहां की माताएं-बहने अपने आप में गौरवान्वित महसूस भी करें।

भले ही कुछ काल से हम छत्तीसगढिया है लेकिन मूल रूप से हम मां कौशिल्या की धरती कोशल प्रदेश के निवासी है जिस प्रदेश की बेटी ने भगवान श्री राम जैसे मर्यादाशील पुत्र को जन्म दिया। जिसकी मर्यादा पूर्ण आचरण व चरित्र दुनिया के लिए एक मिसाल बना हुआ है। महाकवि गोस्वामी तुलसी दास ने इसका गान श्री राम चरित मानस लिखकर किया है। कोशा ने राजनांदगांव को संस्कारधानी क्यों कहा जाता है इसके महत्व को भी सविस्तार बताया।

## मूर्ति व चित्रकला स्पर्धा

शिक्षक दिवस अवसर पर आयोजित मिट्टी की मूर्ति बनाओ प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ श्री गणेश प्रतिमा बनाने वाले कक्षा दसवीं के छात्र नोबिस मरकाम को प्रथम, आठवीं के छात्र प्रवीण पाण्डे द्वितीय तथा चौथी के छात्र सम्राट रजक तृतीय रहे। इसी तरह चित्रकला में सोनाक्षी गढ़वाल (सातवीं) प्रथम, कृष्णा शर्मा (चौथी) द्वितीय व दसवीं का छात्र नोटिस मरकाम तृतीय रहे।

बाकी छात्र/ छात्राओं को सांत्वना इनाम दिया गया। इस अवसर पर कस्तूरबा महिला मंडल की कोषाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता, समाजसेवी, नियामत हुड्डा, आशा सोनछत्रा, माया अग्रवाल, शोभारानी चौरसिया, श्रीमती उषा मिश्रा, मनीषा ठक्कर, रेखा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी महिलाएं वह कस्तूरबा विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता, व्यवस्थापक सीताराम वैष्णव सहित स्कूल स्टाफ की शिक्षक शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का गरिमामय संचालन सचिव श्रीमती साधना तिवारी ने किया। उक्ताशय की जानकारी श्रीमती तिवारी ने दी।

# छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली 15 ट्रेनें रद्द, यात्रियों की बढ़ी परेशानी

## कहीं आपकी ट्रेन भी तो नहीं हो गई कैंसिल

रायपुर (दावा)। त्योहारी सीजन के दौरान छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली दुर्ग-निजामुद्दीन समेत 15 एक्सप्रेस ट्रेनों के रद होने से एक बार फिर से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई है। पिछले छह महीने से लगातार ट्रेनें रद होने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। इस बार उत्तर रेलवे के दिल्ली रेल मंडल में पलवल और न्यू पृथला जंक्शन यार्ड को जोड़ने का काम कराने रेलवे ने चार एक्सप्रेस ट्रेनों को रद कर दिया है, जबकि छह ट्रेनों के रूट में बदलाव किया है। इन ट्रेनों का परिचालन छह से 14 सितंबर तक प्रभावित रहेगा।

इसी तरह दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के अंतर्गत विजयवाड़ा-काजीपेट-बल्लारशाह सेक्शन के मध्य नई लाइन कमीशनिंग के लिए प्री-एनआई व एनआई के चलते 11 ट्रेनों को रद किया गया है, जबकि आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी सेक्शन के मध्य विभिन्न स्टेशनों में रेल लाइन के विस्तार का काम करने छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली तीन एक्सप्रेस ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने की घोषणा की है। इससे पहले 18 और



आठ ट्रेनों को रद किया जा चुका है। इसके कारण 30 हजार से अधिक यात्रियों के सफर पर प्रभाव पड़ा है।

### दीपावली व छठ पूजा पर स्पेशल ट्रेन चलने से राहत

त्योहार में भी तीसरी लाइन के मरम्मत के नाम पर रेलवे लगातार ट्रेनों को रद कर रहा है। लेकिन अलग-अलग रूटों पर पूजा स्पेशल चलाकर यात्रियों को थो?ी राहत दी जा रही है। रेलवे ने दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर एलटीटी और सांतरागाछी के बीच दो फेरों के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा कर यात्रियों को राहत दी है। रेलवे के मुताबिक एलटीटी-सांतरागाछी पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को एलटीटी से 29 अक्टूबर और पांच नवंबर को और सांतरागाछी-एलटीटी पूजा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को संतरागाछी से 31 अक्टूबर और सात नवंबर 2024 को चलेगी। इस पूजा स्पेशल गाड़ी में 15 एसी थ्री, थ्री एसी टू, एक एसी प्रथम, दो जनरेटर कार, एक पेंट्रीकार सहित कुल 22 एचएचबी कोचों की सुविधा रहेगी।

### कहां से कहां चलने वाली ट्रेनें कब रहेंगी कैंसिल

यशवंतपुर-कोरबा वेनगंगा एक्सप्रेस 27 सितंबर और एक, चार अक्टूबर, कोरबा-यशवंतपुर वेनगंगा एक्सप्रेस 29 सितंबर और तीन, छह अक्टूबर, कोरबा-कोचुवेली एक्सप्रेस 25 और 28 सितंबर और दो, पांच अक्टूबर, कोचुवेली-कोरबा एक्सप्रेस 23, 26 व 30 सितंबर व तीन अक्टूबर, सिकंदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस 23 व 30 सितंबर, रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 26 सितंबर और तीन अक्टूबर को रद्द रहेगी।

इसी तरह हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस 28 सितंबर और पांच अक्टूबर, रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस एक व आठ अक्टूबर, पटना-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 23, 25 व 30 सितंबर और दो अक्टूबर, हैदराबाद-पटना एक्सप्रेस 25 सितंबर व दो अक्टूबर और सिकंदराबाद-पटना एक्सप्रेस 27 सितंबर व चार 4 अक्टूबर को रद्द रहेगी। इसके चलते आंध्रप्रदेश जाने वाले यात्रियों को परेशानी होगी।

### रूट बदलकर दौड़ेगी दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस

दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस एक अक्टूबर को रूट बदलकर पेद्दपल्ली-निजामाबाद के रास्ते सिकंदराबाद जाएगी। वहीं रक्सौल-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 24 सितंबर को पेद्दपल्ली-निजामाबाद के रास्ते सिकंदराबाद जाएगी।

# छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे पीएम मोदी, शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का कर सकते हैं लोकार्पण

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर के आसपास रायपुर दौरे पर आ सकते हैं। यहां वे नवा रायपुर में बन रहे शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक स्वतंत्रता सेनानी राज्य संग्रहालय के लोकार्पण कर सकते हैं। फिलहाल इस संग्रहालय का निर्माण तेजी से चल रहा है।

करीब 45 करोड़ की लागत से 10 एकड़ में संग्रहालय का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 10 करोड़ राज्य सरकार और 35 करोड़ रुपए केंद्र सरकार का अंशदान है। बता दें कि इस संग्रहालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पिछले दिनों सीएम विष्णुदेव साय गए थे। सीएम अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में फिर से निर्माण कार्य की समीक्षा कर सकते हैं।

### 10 एकड़ भूमि पर किया जाएगा स्थापित

शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) संग्रहालय पुरखौती मुक्तांगन के पास 45 करोड़ की लागत से लगभग 10 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ आदिम जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का साप्ताहिक निरीक्षण किया था। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, इंजीनियर्स, क्यूरेटर एवं निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से अब तक के कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली थी। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए मैन पावर बढ़ाने के निर्देश भी दिए थे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा होगा लोकार्पण

प्रमुख सचिव बोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा माह नवंबर में संग्रहालय का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है। इसलिए काम में गुणवत्ता के साथ तेजी लाई जाए। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि यह संग्रहालय न केवल छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के स्वतंत्रता काल में दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद दिलाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की गौरवशाली आदिवासी परंपरा से भी आमजन को रूबरू करवाएगा।

प्रमुख सचिव बोरा ने निर्माणाधीन स्थल पर उपस्थित मूर्तिकारों से भी चर्चा की। क्यूरेटर द्वारा बताया गया कि संग्रहालय में लगने वाली लगभग 60 प्रतिशत मूर्तियों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष कार्य को भी निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया जाएगा। मूर्तियों की फिनिशिंग का कार्य भी समानांतर रूप से किया जा रहा है।

# पॉलीटेक्निक कॉलेजों में एडमिशन का आज अंतिम दिन, 30 प्रतिशत हुए प्रवेश, 70 फीसदी सीटें अभी भी खाली

रायपुर। पॉलीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। अभी तक सिर्फ 30 प्रतिशत सीटों में प्रवेश हो पाए हैं। लगभग 70 प्रतिशत सीटें खाली है।

प्रथम चरण में 1,589 सीटों में प्रवेश हुए है, वहीं दूसरी लिस्ट में सिर्फ 945 सीटें आवंटित की गई है। आवंटित सीटों में प्रवेश का आज अंतिम दिन है। प्रदेश में पॉलीटेक्निक की लगभग साढ़े आठ हजार सीटें हैं।

पिछले कई वर्षों से पॉलीटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश कम हो रहे हैं। इसके बावजूद प्रदेश में पांच नए शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज शुरू किए गए। शुरू हुए नए पॉलीटेक्निक कॉलेज में प्रथम चरण में बहुत कम छात्रों ने प्रवेश लिया है। दूसरी आवंटित सूची में भी इन कॉलेजों में प्रवेश लेने में छात्रों ने रूचि नहीं दिखाई है। सिर्फ 30 सीटें आवंटित हुई है। इससे पता चलता है कि छात्रों में नए संस्थान के प्रति उत्साह नहीं है। इसी तरह तकनीकी शिक्षा संचालनालय की ओर से एमसीए की भी दूसरी आवंटन सूची जारी की गई।

इसमें करीब 100 सीटें आवंटित हुई है। प्रदेश में एमसीए की साढ़े पांच सौ सीटें हैं। इनमें आधी से ज्यादा खाली है। दूसरे राउंड के प्रवेश का आज अंतिम दिन है। खाली सीटों के लिए कॉलेज स्तर पर काउंसिलिंग होगी। इसके लिए नौ सितंबर से पंजीयन शुरू होगा।

### पिछले वर्ष 37 प्रतिशत सीटों में हुए प्रवेश

पिछले वर्ष पॉलीटेक्निक कॉलेजों में 37.7 प्रतिशत सीटों में प्रवेश हुए थे, बाकि सीटें खाली रह गई थी। प्रदेश में 32 शासकीय, 14 निजी और एक विश्वविद्यालय में प्रवेश हुए थे। इन संस्थानों में 7,615 सीटें थी, जिसमें 2,875 सीटों में ही प्रवेश हुए थे। इस वर्ष पांच नए कॉलेज खुलने से सीटें बढ़ गई है।

### बीटेक के लिए कॉलेज स्तर पर काउंसिलिंग नौ से

बीटेक, एमबीए, एमटेक व बीटेक लेटेरल एंट्री से प्रवेश के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग समाप्त हो गई है। खाली सीटों के लिए अब कॉलेज स्तर पर काउंसिलिंग होगी। इसके लिए नौ सितंबर से पंजीयन होगा। 12 सितंबर को मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके अनुसार 15 सितंबर तक एडमिशन दिए जाएंगे। प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में मैनेजमेंट छोड़कर बीटेक की कुल 9,584 सीटें हैं। दो राउंड के बाद 5 हजार से अधिक सीटों में प्रवेश हुए हैं।

# कांग्रेस में टिकट के नाम पर ठगी : मंत्री केदार कश्यप ने पूछा- इस गैंग के हिस्सेदार कौन-कौन हैं

रायपुर। प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस की टिकट दिलाने के नाम पर हुए लाखों के लेन-देन के खुलासे को कांग्रेस का लोकतंत्र को कलंकित करने वाला राजनीतिक चरित्र बताया है। श्री कश्यप ने कहा है कि, कांग्रेस मोहब्बत की दुकान के ढोल तो खूब पीटती है, लेकिन सच्चाई यह है कि वह हर स्तर पर सौदेबाजी करने के मौके तलाशती रही है। अब टिकटों की सौदेबाजी की दुकान का भंडाफोड़ हो गया है। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे कांग्रेस की काली करतूतें सामने आ रही हैं। सत्य स्थापित होता जा रहा है कि, कांग्रेस में लेन-देन करने वाले नेताओं की पैठ बहुत गहरी होती है।

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि, कांग्रेस ने राजनीति को पूरी तरीके से प्रदूषित करके सडांध से भर दिया है। अब संगठन और सत्ता में भ्रष्टाचार के आरोप के बाद टिकट बेचने का एक नया मामला सामने आया है, जिस पर बाकायदा थाने में एफआईआर कराके शिकायत की गई है। श्री कश्यप ने कहा कि, विधानसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद दलीय लोकतंत्र के नाम पर रचा जाने वाला पाखंड कांग्रेस के असली चेहरे को परत-दर-परत जिस तरह कांग्रेस के ही लोगों ने उधेड़ कर रखा है,



उससे कांग्रेस नेतृत्व को शर्म से गढ़ जाना चाहिए। विधानसभा चुनाव में हार के बाद जिस तरह कांग्रेस के पदाधिकारियों पर अभद्र टिप्पणियाँ की गईं, पैसे लेकर पदों की रेवड़ी बाँटने से लेकर चुनाव की टिकट की खरीद-फरोख्त तक के आरोप लगाए गए, उससे कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति में रचे-बसे भ्रष्टाचार की पोल खुली है।

### एससी, एसटी के साथ कांग्रेस का सलूक उजागर हुआ

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि कांग्रेस की तत्कालीन प्रदेश प्रभारी शैलजा ने टिकटों की ख़रीदी-बिक्री की है और किसी एक नेता को तव्वजो देते हुए बाक़ी संगठन को दरकिनार कर दिया था।

कांग्रेस में टिकटों की खरीद-फरोख्त तक का आरोप लगाने वाले विनय जायसवाल कांग्रेस से निकाले जा चुके थे। प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कांग्रेस के चार दावेदारों से टिकट दिलाने के नाम पर की गई लाखों रुपए की वसूली के ताजा खुलासे को लेकर कहा कि, एक राजनांदगाँव जिले की अजा वर्ग की हैं और प्रदेश महिला कांग्स की सचिव हैं तो दूसरी महिला नेत्री खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की अजजा वर्ग की हैं और पहले जनपद अध्यक्ष रह चुकी हैं। इससे यह भी आईने की तरह एकदम साफ हो गया है कि कांग्रेस अजा-अजजा वर्ग के साथ किस स्तर तक जाकर छल-कपट का आचरपण करती है।

### पीसीसी चीफ बैज से पूछे सवाल

प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कांग्रेस नेतृत्व पर तीखे सवालों की बौछार करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज अब प्रदेश को बताएँ कि आखिर यह टिकट बेचने वाला ठेकेदार कौन है? आखिर इसका पैसा किस तक जाता था? क्या यह सब राहुल गांधी, भूपेश बघेल की जानकारी में हो रहा था क्योंकि इन मामलों की शुरुआती जाँच में यह तथ्य सामने आया है कि ये लाखों रुपए इन दावेदारों से पार्टी फंड के नाम पर वसूले गए थे। टिकट बेचने का निर्णय आखिर किसका था?

# मिथिलाधाम में आज 1100 लड्डूओं से सहस्त्रार्चन पूजन

राजनांदगांव (दावा)। श्री मिथिला धाम गणेश मंदिर में सर्व सिद्धि दाता गणेश जी का आज 8 सितंबर को 1100 लड्डूओं से सहस्त्रार्चन पूजन किया जाएगा। पंडित डॉ. निरंजन ठाकुर ने बताया कि किसी भी कार्य की सिद्धि के लिए श्री गणेश जी का अनुष्ठान किया जाता है। देवताओं ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन के पहले श्री गणेश अनुष्ठान किया था श्री कृष्ण के कहने से युधिष्ठिर ने महाभारत युद्ध के पहले श्री गणेश अनुष्ठान किया था। श्री रामचंद्र भगवान ने श्री सीता जी को पाने के लिए श्री गणेश अनुष्ठान किया था। इसी प्रकार इंद्र देवता ने असुरों के संघार के लिए श्रीगणेश जी का अनुष्ठान करके सफलता प्राप्त की थी। संसार के प्रत्येक



मनुष्य को गणेश पर्व के अवसर पर श्री गणेश जी का अनुष्ठान करना चाहिए यदि अनुष्ठान नहीं कर सकते तो अनुष्ठान जहां हो रहा है वहां भक्ति भाव से उपस्थित होकर भगवान से मनोवांछित फल प्राप्त करने हेतु प्रार्थना करना चाहिए आज 8 सितंबर सुबह 8 बजे से श्री गणेश मंदिर में श्री गणेश जी का अभिषेक एवं शास्त्रार्चन पूजन संपन्न होगा। अशोक चौधरी ने सभी भक्तजनों से प्रतिदिन उपस्थित होकर इस विशेष पूजा जो ऋण मुक्ति अनुष्ठान में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। 17 सितंबर तक यह पूजन चलेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी एवं महंत डॉ बाबा ने सभी भक्तजन से अपील किया है।

# तीज के पावन पर्व पर दो पेड़ बहिनी के नाम-शिव कुमार देवांगन

राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित जिले के गांव-गांव फलदार आम के पौधे लगायें जा रहें है इस दौरान जन सहयोग से आयोजित अभियान में भाई अपने बहिनी कोदो पौधें देकर उनके हाथों से लगाये गये यह पल भाई और बहिनी के लिए अनोखा क्षण रहा।



भाई बहिनी भाऊक हो गये भाई तो तीज पर साड़ी देते आ रहे है। इस बार बहिनी के नाम से दो आम के पेड़ लगाकर जीवंत तक उसे बचाने का संकल्प लेते देख बहिनी के लिए तीजा पर्व और भी महत्वपूर्ण हो गया जिले में हरियाली बहिनी के तहत पेड़ लगाबोन-पैसा कमाबोन अभियान तीज पर्व में नया मोड़ लिया क्योंकि बहिनी द्वारा लगाये गये पौधों को भाई पेड़ बना कर 4-5 वर्षो में तीज के खर्चे इस पेड़ के आमदनी से हो जायेगी यह एक बहिनी के लिए बहुत दुख पल होगी। हरियाली बहिनी अभियान के संयोजक शिव कुमार देवांगन ने बताया कि तीज के पावन पर्व पर दो पेड़ बहिनी के नाम का कई उद्देश्य है। इस अभियान से भाई-बहिनी जुड़ रहे है।

क्योंकि भाई चाहता है कि मै अपने बहन को तीज पर साड़ी के अलावा कुछ और दूं क्योंकि इस बार अनोखा गिफ्ट आम उनके हाथों से लगाकर काफी खुश है, वहीं बहिनी भाई के गिफ्ट को पाकर गदगद हुए क्योंकि वे जब भी मायके आईंगी उस पेड़ को देखकर भाई और बहिनी के प्रति प्रेम और भी घनिष्ठ होगा।

वहीं बहिनी तीजा में भाई के यहां दो आम के पेड़ लेकर जा रही है जहां पर भाई गढ्ढा खोदके रखें है उसे वह लगायेंगे। 6 एवं 7 सितम्बर तक 4000 के लगभग आम के पौधे लगाने हरियाली बहिनी ससुराल एवं मायके में प्रेरित कर रहे है।

# शिक्षक दिवस पर श्रीमती ममता श्रीवास्तव को किया गया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल, बल्देवबाग, राजनांदगाव में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस सम्मान समारोह में श्रीमती ममता श्रीवास्तव को अनवरत चौदह वर्षो से संस्था को अपना बहुमूल्य योगदान के लिए 'श्रेष्ठ शिक्षिका' के सम्मान से संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। श्रीमती ममता वरिष्ठ जर्नलिस्ट सुनील श्रीवास्तव की धर्मपत्नी है।

# असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बने यतेंद्रजीत सिंह



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव का दौर शुरू हो गया है और असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ की कार्यकरणी गठित की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन के बाद महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने सूची जारी की है जिसमें 5 प्रदेश उपाध्यक्ष, 20 प्रदेश महासचिव और 32 सचिवों की नियुक्ति की गई है। इसी के तहत 22 जिलों में प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। केसीजी जिले से यतेंद्रजीत सिंह को असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रथम जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की गई है। इनकी नियुक्ति से कांग्रेसियों में हर्ष है।

## आवश्यकता है

गुजराती शिक्षण संघ द्वारा संचालित सीजी बोर्ड के हिन्दी एवं इंग्लिस मीडियम स्कूल में पढ़ाने के लिये क्वालिफाईड शिक्षकों की आवश्यकता है। प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी। बायोडाटा के साथ संपर्क करें

**तारिक ललानी, प्राचार्य**
गुजराती राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला, राजनांदगाँव (छ.ग.)
मोबाईल नं. : 9888966689

# गर्भपात के बाद युवती की हालत नाजुक : नाबालिग मेडिकल स्टोर संचालक समेत चार आरोपी हिरासत में

बालोद (दावा)। मोहला-मानपुर जिले में अविवाहित युवती का गर्भपात कराने के मामले में अब जाकर पुलिस ने एक्शन शुरू कर दिया है। प्रेमी, अबार्शन की गोली देने वाले नाबालिग समेत चार लोग हिरासत में लिए गए हैं। गत 03 सितंबर को पीड़िता को ईलाज हेतु जिला अस्पताल बालोद में भर्ती किया गया। थाना कोतवाली जिला बालोद को अस्पताली मेमो प्राप्त हुआ। सउनि सीता गोस्वामी अस्पतालीय मेमो जांच एवं ईलाजकर्ता डॉ. सोनू नायक से पूछताछ करने पर पीड़िता को गंभीर स्थिति में होना बताई तथा वेंटीलेशन में थी जिसे आगे ईलाज के लिए रिफर करने वाले है कि स्थिति को देखते हुए डॉक्टर द्वारा अपने देखरेख में पीडिता का मरणाशन कथन लिया गया, सम्पूर्ण अस्पताली मेमो जांच एवं पीड़िता के मरणाशन कथन के अवलोकन पर पाया गया कि पीड़िता ने अपने सहमति से आरोपी चेतनदास मारकण्डे के साथ शारीरिक संबंध बनायी है जिसके कारण पीडिता गर्भवती हो गई,

जब आरोपी चेतनदास मारकण्डे को इस बात का पता चला तब उसने अपने साथी जोहर लाल खैरवार निवासी ग्राम गर्वनाटोला मिचगांव से गर्भपात का टेबलेट लेकर पीड़िता को खिलाई, जिस कारण पीडिता अत्याधिक रक्त स्त्राव होने से स्वास्थ्य गंभीर रूप से खराब हो

**प्रेमी ने पीड़िता को खिलाया था गर्भपात का टेबलेट**



जाने से पीडिता को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती होना पाया गया। अस्पताली मेमो जांच पर थाना कोतवाली जिला बालोद से 0/2024 धारा 88, 91 बी.एन.एस. कायम कर असल नंबरी हेतु थाना खडगांव को प्राप्त होने पर असल नंबरी अपराध क्रमांक 63/2024 धारा 88, 91 बी.एन.एस. कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, पीतांबर पटेल, मयंक तिवारी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी खडगांव उपनिरीक्षक गणेश यादव के नेतृत्व में आरोपीगण की पतासाजी हेतु टीम गठित कर ग्राम फुलकोड़ो बोगापारा एवं गर्वनाटोला मिचगांव रवाना हुआ। आरोपीगण के सकुनत में दबिश देकर आरोपीगण चेतनदास मारकण्डे पिता जीवन सिंह मारकण्डे उम्र 18 साल निवासी ग्राम फुलकोडो बोगापारा एवं जोहरलाल खैरवार पिता गणेश राम उम्र 24 साल साकिन गर्वनाटोला मिचगांव थाना खडगांव जिला मो. मा. अं.चौकी को बरामद कर अभिरक्षा में लेकर थाना आया जिसे पूछताछ करने पर जोहरलाल खैरवार द्वारा न्यु भाग्यश्री मेडिकल स्टोर संचालक सदानंद सरकार एवं विधि से संघर्षरत बालक से गर्भपात का टेबलेट खरीदकर लाना बताया।

न्यु भाग्यश्री मेडिकल स्टोर संचालक सदानंद सरकार एवं विधि से संघर्षरत बालक द्वारा अवैध रूप से गर्भपात का टेबलेट बिक्री करना पाया गया। आरोपीगण चेतनदास मारकण्डे पिता जीवन सिंह माकरण्डे उम्र 18 साल निवासी ग्राम फुलकोडो बोगापारा, जोहर लाल खैरवार पिता गणेश राम उम्र 24 साल निवासी गर्वनाटोला मिचगांव थाना खडगांव, सदानंद सरकार पिता मोहन लाल सरकार उम्र 36 साल निवासी ग्राम भर्रीटोला के द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर मुख्य न्यांयिक मजिस्ट्रेट सी.जे.एम. न्यायालय अं.चौकी ज्यु. रिमांड चाहने पेश किया गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को संरक्षात्मक अभिरक्षा में लेकर प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com